इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 226 | राजनांदगांव, शुक्रवार 04 जुलाई 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




# घाना में पीएम मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पीएम ने घाना की संसद को किया संबोधन, कहा- हमारा लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार है

अकारा। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दो दिवसीय यात्रा पर घाना पहुंचे हैं। गुरुवार को घाना ने पीएम मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना से सम्मानित किया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने घाना की संसद को संबोधित किया। संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सर्वोच्च सम्मान देने के लिए आभार जताया।



### घाना में होना सौभाग्य की बात है- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे अत्यंत गौरव का अनुभव हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना से ओतप्रोत है। पीएम मोदी ने आगे कहा, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में मैं अपने साथ 1.4 अरब भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूं। घाना से मिले सर्वोच्च सम्मान के लिए मैं 140 करोड़ भारतीयों की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी धरती के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत की वैश्विक पहचान :अब तक 24 देशों ने किया सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की बढ़ती साख और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक कुशलता ने देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इसका ताजा उदाहरण जुलाई में घाना की राजधानी अक्रा में देखने को मिला, जहां पीएम मोदी को घाना के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना' से नवाजा गया। यह सम्मान विदेशी नेताओं को बहुत कम दिया जाता है और यह भारत-घाना के मजबूत रिश्तों का प्रतीक है। 30 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की घाना यात्रा ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा किया। पीएम मोदी को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बादल फटने के बाद 56 लोग अभी लापता, मरने वालों की संख्या 19 पहुंची, 370 को सुरक्षित बचाया

शिमला/मंडी। हिमाचल प्रदेश में बादल फटने से हुई तबाही में मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। मंडी जिले में लापता लोग 34 से बढ़कर 56 हो गए हैं। इनमें सर्वाधिक 46 लोग सराज क्षेत्र के हैं।



थुनाग में आठ, गोहर में छह लोगों की मौत, करसोग में एक की मौत, कांगड़ा में दो, नादौन और जोगिंद्रनगर में एक-एक जान गई है। 370 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंडी के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद रेस्क्यू और आपदा राहत के लिए वायुसेना की मदद मांगी है। सराज के थुनाग में 16, पखरैर में 18, जरोल में 7, चिऊणी में 4 और पांडवशीला में एक व्यक्ति लापता है। गोहर उपमंडल के स्यांज और बाड़ा परवाड़ा में छह लोगों की मौत हुई हैं जबकि आठ लापता हैं। करसोग उपमंडल में एक की मौत हुई है। जबकि दो लोग लापता हैं। बादल फटने और भूस्खलन के चलते थुनाग और जंजैहली उपमंडल में सड़कें ध्वस्त हो गई हैं। कई क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और प्रशासन की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में लगी हैं।

### मानसून सीजन में अब तक 63 लोगों की मौत

सोमवार रात को बादल फटने और भारी बारिश-भूस्खलन से प्रदेश में 100 से अधिक सड़कें अभी भी अवरुद्ध हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार मंडी में 154 घर, 106 गोशालाएं, 14 पुल ध्वस्त हो गए हैं। 31 गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। 164 मवेशियों की मौत हुई है। प्रदेश में सैकड़ों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आधी हो रही है अन्नदाता की जिंदगी, राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के किसानों को लेकर मोदी सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की दुर्दशा के प्रति उदासीन बनी हुई है, जबकि वे हर दिन कर्ज में डूबते जा रहे हैं.



माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक पोस्ट में लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सरकार पर कर्ज माफी और फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की किसानों की मांगों की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया.

उन्होंने लिखा, सोचिए.. सिर्फ तीन महीनों में महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या कर ली. क्या ये सिर्फ एक आंकड़ा है? नहीं. ये 767 उजड़े हुए घर हैं.767 परिवार जो कभी नहीं संभल पाएंगे और सरकार चुप है. बेरुखी से देख रही है.

### किसान हर दिन कर्ज में डूब रहा

राहुल गांधी ने कहा, किसान हर दिन कर्ज में और गहराई तक डूब रहा है - बीज महंगे हैं, खाद महंगी है, डीजल महंगा है.. लेकिन MSP की कोई गारंटी नहीं. जब वे कर्ज माफी की मांग करते हैं, तो उन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है. लेकिन जिनके पास करोड़ों हैं? उनके लोन मोदी सरकार आराम से माफ कर देती है. आज की ही खबर देख लीजिए - अनिल अंबानी का 48,000 करोड़ रुपये का SBI फ्रॉड.

### अन्नदाता की जिंदगी ही आधी हो रही

उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने कहा था, किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे आज हाल ये है कि अन्नदाता की जिंदगी ही आधी हो रही है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन को झटका, हाईकोर्ट ने खारिज की एफआईआर रद्द करने की याचिका

नई दिल्ली। 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को राहत नहीं मिली है। दिल्ली हाईकोर्ट की तरफ से इस मामले में उन्हें झटका लगा है। जैकलीन के खिलाफ एफआईआर रद्द करने की याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।



दिल्ली उच्च न्यायालय ने आज गुरुवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने जैकलीन याचिका खारिज कर दी। दायर की गई याचिका में मामले में प्रवर्तन निदेशालय के दूसरे पूरक आरोपपत्र और दिल्ली की निचली अदालत में लंबित कार्यवाही को रद्द करने की मांग की गई थी। ईडी के वकील ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि विशेष अदालत ने अभियोजन पक्ष की शिकायत (आरोपपत्र) का संज्ञान लिया है और प्रथम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले दूसरे युवा भारतीय कप्तान बने गिल, सचिन और कोहली को पीछे छोड़ा

बर्मिंघम। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में दोहरा शतक जड़ा। गिल के टेस्ट करियर का यह पहला दोहरा शतक है। गिल पहले भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने इंग्लैंड में दोहरा शतक लगाया है। वह 311 गेंद पर ऐसा करने में सफल रहे। गिल की दमदार पारी के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ बड़ा स्कोर बना लिया है।



### जडेजा के साथ शानदार साझेदारी

भारत ने दूसरे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 310 रन से की थी, लेकिन गिल और रवींद्र जडेजा ने छठे विकेट के लिए 203 रन जोड़कर भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। जडेजा शतक पूरा नहीं कर सके और 89 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन गिल टिके रहे और उन्होंने दोहरा शतक पूरा कर लिया। जडेजा और गिल के बीच हुई यह 200+ रनों की साझेदारी इंग्लैंड के खिलाफ किसी भारतीय जोड़ी के बीच छठे या उससे नीचे के विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इससे पहले ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा के बीच 2022 में इसी मैदान (एजबेस्टन) पर 222 रनों की साझेदारी हुई थी।

### इंग्लैंड में दोहरा शतक लगाने वाले 11वें कप्तान

गिल टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के दूसरे युवा कप्तान हैं। उन्होंने इस मामले में सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीएम साय की बड़ी पहल: रायपुर में स्थापित होगा अत्याधुनिक बायोटेक इंक्युबेशन सेंटर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत सरकार और राज्य शासन के सहयोग से रायपुर में जैव प्रौद्योगिकी पार्क परियोजना की स्थापना की जा रही है।



**20.55 करोड़ रुपये स्वीकृत**

इस परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में अत्याधुनिक बायोटेक इंक्युबेशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा। इस सेंटर की स्थापना के लिए भारत सरकार, राज्य शासन एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के मध्य त्रिपक्षीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। परियोजना की क्रियान्वयन एजेंसी कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी प्रोत्साहन सोसायटी है। इस बायोटेक इंक्युबेशन सेंटर का मुख्य उद्देश्य राज्य में जैव संसाधनों के दोहन के साथ-साथ नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना है। यहां युवाओं को जैव प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों की स्थापना हेतु प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता एवं बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस इंक्युबेशन सेंटर में कुल 23 आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी, जिनमें बीएस-4 स्तर की जैव सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही दो सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन एवं एनालिटिकल टेस्टिंग लैब की भी स्थापना की जा रही है। इंक्युबेशन सेंटर में 17 सूक्ष्म एवं लघु और 6 वृहद उद्योगों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# महागठबंधन में शामिल होना चाहती है ओवैसी की पार्टी, लालू को लिखा पत्र

पटना। बिहार की सियासत में एक बार फिर हलचल मच गई है. असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताई है. इसके लिए पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अख्तरुल ईमान ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को एक पत्र लिखा है. पत्र में AIMIM ने साफ कहा है कि अगर सेकुलर वोटों का बिखराव रोका जाना है, तो पार्टी को महागठबंधन में शामिल करना जरूरी है. अख्तरुल ईमान ने लिखा कि इस बिखराव का सीधा फायदा सांप्रदायिक ताकतों को मिलता है, जिसे 2025 के चुनाव में रोकना जरूरी है. उन्होंने यह भी बताया कि 2020 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में भी AIMIM ने महागठबंधन का हिस्सा बनने की कोशिश की थी, लेकिन कोई ठोस परिणाम नहीं निकला. अब फिर से पार्टी ने गठबंधन में शामिल होकर चुनाव लड़ने की मंशा जाहिर की है. इस मुद्दे पर AIMIM के कई नेता पिछले कुछ दिनों से लगातार बयान दे रहे हैं. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की ओर से अभी तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है.



# सीबीआई की बड़ी कार्रवाई : 6 राज्यों में 40 से अधिक ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के एक बड़े मामले में छह राज्यों में बड़ी कार्रवाई की है। कर्नाटक, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और मध्य प्रदेश में 40 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गई है। इस दौरान तीन डॉक्टरों सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिन पर रिश्वत लेकर मेडिकल कॉलेजों को अनुकूल निरीक्षण रिपोर्ट देने का आरोप है।

**6 लोग गिरफ्तार**

सीबीआई ने यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर स्थित श्री रावतपुरा सरकार आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान के अधिकारियों और बिचौलियों के खिलाफ की। आरोप है कि इन लोगों ने मेडिकल कॉलेजों की मान्यता के लिए होने वाले वैधानिक निरीक्षण में हेरफेर किया। निरीक्षण करने वाले डॉक्टरों ने कथित तौर पर रिश्वत लेकर अनुकूल रिपोर्ट दी। सीबीआई को सूचना मिली थी कि संस्थान के पदाधिकारी निरीक्षकों को प्रभावित कर रहे थे। इसके आधार पर सीबीआई ने जाल बिछाया और 55 लाख रुपये की रिश्वत के लेन-देन के दौरान छह लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

मध्य प्रदेश के इंदौर में इंडेक्स कॉलेज के प्रबंधक के ठिकानों पर भी छापेमारी हुई। यह कार्रवाई सुबह 3 बजे शुरू हुई और 8 बजे तक चली।




# श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज मान्यता मामले में सीबीआई ने 35 लोगों को बनाया आरोपी, भ्रष्टाचार अधिनियम में केस दर्ज

रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज मान्यता गड़बड़ी मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने एफआईआर में 35 लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। वहीं इस संबंध में सीबीआई की जांच अभी जारी है। मामले में कई और लोगों के जुड़े होने की संभावना है। कॉलेज प्रबंधन और मान्यता से जुड़े अन्य लोग भी इसमें आरोपी हो सकते हैं। सभी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया गया। बता दें कि सीबीआई ने इस मामले देश भर में कार्रवाई की है। जिसमें 1 जुलाई को टीम ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया था। जिनमें से 3 मान्यता देने के बदले 55 लाख की रिश्वत लेने वाले आरोपी डॉक्टर थे। वहीं अब सीबीआई ने अन्य 35 लोगों को आरोपी बनाया है।




बता दें कि श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज को मान्यता दिलाने के बदले रिश्वत लेने की जानकारी के आधार पर सीबीआई यह कार्रवाई कर रही है। सीबीआई का दावा है कि मान्यता दिलाने के लिए 1.62 करोड़ रुपये की डील हुई थी। सीबीआइ की जांच में यह साफ हुआ है कि आरोपी डॉक्टरों और कुछ अफसरों ने कॉलेज प्रबंधन से मिलीभगत किया था। सीबीआई के अनुसार आरोपियों ने निरीक्षण से पहले ही जांच टीम की जानकारी लीक कर दी थी। इसके बाद मेडिकल कालेज ने घोस्ट फैकल्टी, नकली मरीज और फर्जी उपस्थिति जैसे फार्मूले अपनाकर निरीक्षण को अनुकूल दिखाया।

# एयर डिफेंस प्रणाली, मिसाइलें, बख्तरबंद वाहन, ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा मंत्रालय ने की एक लाख करोड़ की डील

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा अधिग्रहण के लिहाज से सबसे बड़ा फैसला करते हुए रक्षा मंत्रालय ने करीब 1.05 लाख करोड़ रुपये के सैन्य साजो-सामान, उपकरणों से लेकर हथियार की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने तीनों सेनाओं के लिए रक्षा उपकरणों की खरीद के अलग-अलग कई प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। इसमें मिसाइलें, इलेक्ट्रॉनिक वॉर फेयर सिस्टम, बख्तरबंद वाहनों समेत अन्य रक्षा उपकरणों की खरीद का प्रस्ताव शामिल है।



### कैबिनेट लगाएगी अंतिम मुहर

खास बात यह है कि इन रक्षा सौदों की खरीद स्वदेशी आपूर्ति स्त्रोतों से की जाएगी जिसका फायदा देश के उभरते रक्षा उद्योग क्षेत्र को भी होगा। रक्षा खरीद सौदों को डीएसी से मंजूरी मिलने के बाद आपूर्ति की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू होती है और इसके बाद केंद्रीय कैबिनेट इस पर अंतिम मुहर लगाएगी। डीएसी की बैठक में हुए फैसले पर रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा कि स्वदेशी सोर्सिंग के माध्यम से लगभग 1.05 लाख करोड़ रुपये की राशि के 10 पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई है। इसमें सेनाओं के लिए बख्तरबंद रिकवरी वाहनों, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, तीनों सेनाओं के लिए एकीकृत कॉमन इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम और (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के अन्याय के खिलाफ शंखनाद है किसान जवान संविधान जनसभा : दीपक बैज

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में भाजपा की सरकार में राज कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज ही नहीं रही लगातार अपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। भाजपा नेताओं के संरक्षण में अवैध शराब बिक्री, चाकूबाजी, चोरी-डकैती, हत्या, लूट, शराबखोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। किसानों को खाद की कमी, युवाओं को नौकरी के नाम पर ठगी और संविधान से साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। माताएं-बहनें असुरक्षित महसूस कर रही है, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 7 जुलाई किसान, जवान संविधान जनसभा का आयोजन छत्तीसगढ़ रायपुर में किया जा रहा है। जनसभा को संबोधित करने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आगमन हो रहा है। जिसकी तैयारियों की जानकारी व बैठक लेने गुरूवार को पीसीसी अध्यक्ष कांग्रेसजनों की बैठक लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि 3 जुलाई गुरूवार को जीई रोड स्थित सतनाम भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी इरफान खान शहर व जिला कांग्रेस की बैठक लेने पहुंचे थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर व महात्मा गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत हुई। इस दौरान जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कहा कि बड़े ही हर्ष की बात है कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छत्तीसगढ़ आ रहे है। उनके स्वागत के लिए राजनांदगांव के कांग्रेसजन अतिउत्साहित है। लगातार बैठकों का दौर चल रहा है हमारे बीच पहुंचे पीसीसी चीफ को अवगत कराते हुए कहा कि हमारा दायित्व है कि हम राजनांदगांव शहर व ग्रामीण से हजारों की संख्या में कांग्रेसजन जाएंगे।




0 पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बैठक लेकर कांग्रेसजनों में भरा उत्साह
0 राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा में सहभागी बनेंगे जिले के हजारों कार्यकर्ता

बैठक में उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सरकार नाम की कोई चीज ही नहीं है। चहूंओर भ्रष्टाचार, शराबखोरी, रेत माफियाओं का राज का बोलबाला है। भाजपा नेताओं के संरक्षण में माफियाओं द्वारा निर्दोष प्रदेशवासियों को बंदूक की नोक से मारपीट कर परेशान किया जा रहा प्रदेश में चोरी-डकैती, हत्या, लूट, बलात्कार जैसी घटनाएं होना आम बात हो गई है। स्वास्थ्य सेवाओं का बूरा हाल, युक्तियुक्तकरण के नाम 10 हजार स्कूल बंद कर बच्चों की पढ़ाई से खिलवाड़ कर रही है। प्रदेश की खनिज संपदा को लूटा जा रहा, पेड़ों की अवैध कटाई चल रही, बस्तर में आयरन की कालाबाजारी हो रही है। अनेकों भ्रष्टाचार इस सरकार ने कर रखी है। इसी तरह प्रदेश के किसानों के लिए खाद-बीज उपलब्ध नहीं कर रही है, युवाओं को नौकरी नहीं है और संविधान लगातार खतरे में आ रही है। शासकीय कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है। इस तरह से सभी मोर्चो में भाजपा सरकार फेल हो चुकी है। इस भ्रष्ट भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने आगामी 7 जुलाई को रायपुर में आयोजित किसान जवान और संविधान को एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संबोधित करेंगे जिसकी तैयारियों को लेकर यह बैठक आयोजित की गई थी।

बैठक को विधायक भोलाराम साहू, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, ननि नेताप्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने संबोधित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, कुतबुद्दीन सोलंकी, प्रकाश बाफना, महासचिव शाहिद खान, थानेश्वर पाटिला, शहर कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, प्रदेश पदाधिकारी पदम कोठारी, प्रवक्ता रूपेश दुबे, जिपं सदस्य विभा साहू, महेन्द्र यादव, पूर्व विधायक छन्नी साहू, पीसीसी सचिव प्रवीण मेश्राम, रमेश राठौर, दिनेश शर्मा, रमेश डाकलिया, रमेश खंडेलवाल, सूर्यकुमार खिलाड़ी, इकरामुद्दीन सोलंकी, उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, महासचिव झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, नासिर जिंदरान, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, रितेश जैन, रौशनी सिन्हा, पूर्व पार्षद अमिन हुद्दा, राजा तिवारी, सतीश मसीह, मुकेश साहू, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, एनएसयूआई अध्यक्ष अमर झा, विनय झा, अवधेश प्रजापति, राहुल तिवारी, मनीष गौतम, कुसुम दुबे, पूर्णिमा नागदेवे, विष्णु लोधी, बबलू कसार, जितेन्द्र सिन्हा, रईस अहमद, नीरज कन्नौजे, प्रवीण मेश्राम, हीरा सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे

# शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार लाने प्रशासन तथा व्यापारियों की बैठक

## बैठक में बाजार क्षेत्र में प्रातः 11 बजे से वन वे करने, समान दुकान के अंदर रखने और फ्लाई ओव्हर के नीचे ठेला खोमचा व्यस्थित लगाने तथा पार्किंग व्यवस्था करने संबंधी हुई चर्चा



राजनांदगांव (दावा)। शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार करने तथा सुगम आवागमन के लिए आज नगर निगम सभागृह में प्रशासन एवं व्यापारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, ए.एस.पी. राहुल देव शर्मा सहित चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, प्रदेश मंत्री तरूण लहरवानी व चेम्बर ऑफ कार्मस के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद के अलावा शहर के व्यापारिक क्षेत्र के पार्षद शैंकी बग्गा, श्रीमती वर्षा सिन्हा, प्रमोद झंझाडे, पूर्व पार्षद श्री शरद सिन्हा, संस्कारधानी समिति के अध्यक्ष राजू डागा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष शरद अग्रवाल, फल व्यापारी संघ से संजय तेजवानी सहित व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि, शहर में व्यवस्थित यातायात तथा अतिक्रमण हटाने सड़क दुर्घटना रोकने जिलाधीश महोदय के निर्देश पर आज प्रशासन एवं व्यापारियो की पुनः बैठक आयोजित की गयी है, जिसमें शहर की जटिल यातायात समस्या का समाधान करने निर्णय लेना है। उन्होंने कहा कि गत बैठक में पार्किंग व्यवस्था, वन-वे तथा दुकान के सामने समान रखने व अतिक्रमण के संबंध में चर्चा कर सबकी सहमति से हल निकालने निर्णय लिया गया था। जिसमें आज क्रियान्वयन के लिए पुनः बैठक आयोजित की गयी है।

एएसपी राहुल शर्मा ने कहा कि शहर के लोगो को यातायात की जटिल समस्या से निजात दिलाना है। उन्होंने कहा कि वन-वे से सकरातमक राय आया है, लेकिन कुछ व्यापारियों को नुकसान होने की बाते भी आई है, आज की बैठक में इसका समाधान करना है। उन्होंने कहा कि हम सबको सामुहिक जिम्मेदारी लेकर काम करना होगा। पुत्री शाला, गंज चौक, आदि क्षेत्र में शहर के लिए पार्किंग चालू की गयी है।

व्यापारियों ने कहा कि वन-वे से व्यापार में फर्क पड़ रहा है। बाजार क्षेत्र में ई-रिक्शा, थ्री व्हीलर आदि को प्रवेश देने न रोका जाए, अन्य स्थानों 5 मिनट से अधिक वाहन खडी न की जाए, जी.रोड के सर्विस रोड के किनारे नाली की हाईट कम की जाए, जय स्तम्भ चौक, मानव मंदिर चौक, बाजार क्षेत्र के लिए म्युनिस्पल स्कूल पार्किंग का उपयोग करने बढावा दिया जाए, दुकान क्षेत्र से बहार अतिक्रमण हटाया जाए व समान दुकान के रखा जाए। फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण हटाकर पार्किंग की व्यवस्था की जाए तथा ठेला खोमचा को शहर से हटाकर वही व्यवस्थापित किया जावे। बाजार क्षेत्र के पार्षदो ने भी व्यवस्था में सुधार के लिए अपने सुझाव रखे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि फ्लाई ओव्हर के नीचे से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जावेगी, साथ ही पुरानी रखी गाडिया हटाई जाएगी, इसके अलावा फ्लाई ओव्हर के नीचे अस्थाई निवासरत लोगो को रैन बसेरा में रहने समझाईस दी जायेगी तथा वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि, बाजार क्षेत्र में ठेला खोमचा प्रतिबंधित कर फ्लाई ओव्हर के नीचे लगाया जाए। शहर के प्रमुख मार्ग जयस्तंभ चौक, जूनी हटरी, गुड़ाखु लाईन, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन, हलवाई लाईन, कामठी लाईन, सदर लाईन आदि क्षेत्र के दुकानदारों को दुकान के सामने से अतिक्रमण, कब्जा मुक्त करने तथा दुकान के बाहर समान नही रखने समझाईस दी जाए। बाजार क्षेत्र में प्रातः 11 बजे से वन-वे कर भारी वाहन को प्रतिबंधित रखा जाए। फ्लाई ओव्हर के नीचे पार्किंग की व्यवस्था की जाए। व्यापारियों ने कहा कि दुकान के अंदर समान रखने, अतिक्रमण नही करने, दुकानदारों को समझाईस भी दी जायेगी। इस संबंध में मुनादी भी कराई जायेगी। बैठक में निगम प्रशासन जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के अलावा व्यापारीगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर से टेड़ेसरा सरपंच के विरुद्ध फर्जी पट्टा जारी करने की शिकायत

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत राजनांदगांव के अंतर्गत टेड़ेसरा ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच श्रीमती दानी पति देवराज साहू ने वर्तमान सरपंच खिलेश्वर साहू के खिलाफ अपने (दानी साहू) के नाम से फर्जी आबादी पट्टा प्रमाण पत्र जारी करने की शिकायत की है। कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को सौंपे गए मांग पत्र में उन्होंने सविस्तार जानकारी देते हुए आरोपी सरपंच के खिलाफ पुलिस में प्राथमिक दर्ज कराने की मांग की।

उपरोक्त संदर्भित पट्टा वितरण के संबंध में ज्ञात हो कि श्रीमती दानी साहू पति देवलाल साहू पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत टेड़ेसरा हूं। मुझे निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण कर सरपंच पद निर्वाचित किया गया था। जिसका शपथ ग्रहण 11 फरवरी 2020 को कराकर पदभार ग्रहण कराया गया था। वर्तमान पदस्थ सरपंच खिलेश्वर साहू ग्राम टेड़ेसरा द्वारा दुर्भावनावश संदर्भित पट्टा को पूरे पंचायत परिक्षेत्र में उक्त पट्टे की प्रति वितरित कर मेरी सामाजिक व राजनैतिक जीवन की छवि को खराब कर बदनाम करने का कार्य किया गया है। जिस कारण मैं मानसिक और व्यवहारिक तौर पर आहत हुई हूं। उक्त पट्टे को जारी करने के दिनांक के समय में सरपंच पद पर पदस्थापित नहीं थी। चूंकि में शपथ ग्रहण 11 फरवरी 2020 को की थी। इस प्रकार संदर्भित पट्टा



तत्कालीन सरपंच श्रीमती दानी साहू ने मौजूदा सरपंच खिलेश्वर साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की

शत्रुराम पिता रामाधिन के नाम से वर्तमान पदस्थ सरपंच खिलेश्वर साहू द्वारा साजिशपूर्वक फर्जी पट्टा निर्माण कर प्रचारित कराया गया है। जिसका दिनांक 11/05/2019 है। इस तिथि में वर्तमान सरपंच खिलेश्वर साहू का ही कार्यकाल था, जो उक्त पट्टा मेरे द्वारा जारी किया जाना व्यवहारिक प्रतीत नहीं होता है तथा उस दौरान प्रशासन के द्वारा पंचायत के जनप्रतिनिधियों का आरक्षण भी निर्धारित नहीं किया गया था। इस कृत्य के कारण मेरी लोकप्रियता को समाप्त करने का कार्य किया गया है। मैं अपने सामाजिक व राजनैतिक जीवनकाल के दौरान सदा लोकतांत्रिक प्रणाली अनुसार जनकल्याण के कार्य का प्रतिनिधित्व करती रहीं हूं। इसी कल्याण की भावना अनुसार मैं अपने नेतृत्व में न्यू लुक बायो फ्युल्स प्रा.लि. ग्राम फूलझर-टेड़ेसरा को पानी देने का विरोध कर कंपनी द्वारा बिछाए गए पाईप लाइन को हटाए जाने के लिए शासकीय कार्यवाही हेतु में जिला कलेक्टर के माध्यम से ग्रामवासियों की जनभावना के अनुरूप अपने नेतृत्व में शिकायत की हूं, ताकि प्राकृतिक संसाधनों का जनकल्याण हेतु कृषि के कार्यों में पानी का उपयोग हो सके।

इस प्रकार के वर्तमान पदस्थ सरपंच खिलेश्वर साहू ग्राम पंचायत टेड़ेसरा द्वारा किए गए मेरे खिलाफ दुष्प्रचार के कारण मेरे समर्थकों में काफी रोष व्याप्त हो गया है तथा ग्राम टेड़ेसरा के समस्त जनमानस के बीच तनाव निर्मित हो चुका है। जिससे लोगों मन में गंभीर अशांति का माहौल निर्मित है। मेरे व ग्राम पंचायतवासियों के स्थिति को देखते हुए तत्काल त्वरित कार्यवाही कर संबंधित जिम्मेदार प्रशासकीय अधिकारियों उचित कार्यवाही कर निर्देशित करने की कृपा करेंगे। जिससे मेरे व ग्रामवासियों का कल्याण हो सके। इस दौरान मुख्य रूप से मनोज साहू, रमाकांत बंजारे, महेश साहू आदि उपस्थित थे।

# कॉन्फ्यूलेंस कॉलेज में गरीबों की मदद के लिए शुरू की गई नेकी की दीवार और की सामग्री वितरण

राजनांदगांव (दावा)। महाविद्यालय में नेकी की दीवार की स्थापना किया गया। जिसमें जो आपके पास अधिक है यहां छोड़ जाएं, जो आपकी जरूरत का है यहां से ले जाएं की भावना से यह नेकी की दीवार प्रारंभ किया गया है।

प्रो. विजय मानिकपुरी (कार्यक्रम अधिकारी) ने कहा कि इस दीवार के पास लोग अपने घर के अनुपयोगी सामान को रख सकते हैं, जो जरूरतमंद लोगों के लिए काम आएगा। यहां लोग कपड़ा, बर्तन, किताब, कॉपी, खाने-पीने की सामग्री, टेबल, कुर्सी, गर्म कपड़े या जो कुछ भी है रखा जा सकता है, जो उनके घर में उपयोग में नहीं आ रहा है। नेकी की दीवार के पास रखी जाने वाली सामग्री ऐसे लोगों को मुक्त दिया जाएगा। जिन्हें इसकी जरूरत है। खासकर गरीब तबके के लोग जो ऐसी सामग्री को पैसे के अभाव में नहीं खरीद पाते, आजकल देखा जा रहा है कि लोग अपने घरों के अनुपयोगी सामग्री को जहां-तहां फेंक देते हैं, इसलिए एक नई पहल की शुरुआत की जा रही है। जिससे जरूरतमंदों की जरूरतें भी पूरी हो सकती है।



प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि नेकी की दीवार खुशियों का पिटारा है। इस अनोखी पहल की सराहना करते हुए कहा कि गरीब व जरूरतमंदों की सेवा करने से कोई कमी नहीं आती है। इसके लिए सभी को आगे आना चाहिए। नेकी की दीवार को लेकर महाविद्यालय का यह सभी लोगों के लिए संदेश है कि आपके पास घर में जो भी अनुपयोगी कपड़े, सामान आदि हैं, उसे नेकी की दीवार में जरूर देकर जाएं। जिसे गरीबों व जरूरतमंदों में दिया जाता है। विद्यार्थियों द्वारा नेकी की दीवार के सामग्रियों को राजनांदगांव शहर के रेलवे स्टेशन रोड, बस स्टेशन चौक, पोस्ट ऑफिस चौक में जरूरतमंदों को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने वितरित किया है। इस अभियान में गोद ग्राम पारीकला के लोगों को भी आमंत्रित किया जाता है। इस अभियान में प्रीति इंदौरकर, राधेलाल देवांगन, धनंजय साहू, देविका देवांगन, दिव्या श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के कर्मचारी एवं गोद ग्राम पारीकला के नागरिकों तथा रासेयो के स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

## शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-5-9
470-1 780-5
राजधानी
2-4-7
669-1 460-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव (छग)**

**// ईश्तहार //**

अ/2 वर्ष 2024-2025

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम इंदामरा प.ह.नं. 28 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पारस इन्फ्राकॉन पार्टनर धरमचंद जैन आ. स्व. नेमीचंद जैन निवासी जी.ई.रोड शहर तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम इंदामरा प.ह.नं. 28 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. क्रमशः 332/2, 332/5, 332/6, 332/7, 332/8, 333/10 व 333/11 रकबा क्रमशः 0.016 हे., 0.296 हे., 0.056 हे., 0.048 हे., 0.043 हे., 0.059 हे. व 0.0130 हे. कुल खसरा क्रमांक 07 कुल रकबा 1.178 हे. भूमि के आवासीय कॉलोनी प्रयोजन हेतु परिवर्तित भूमि का भू-राजस्व संहिता की धारा-59 के नियम-2, 3, व 15 के तहत पुनर्कर निर्धारण हेतु आवेदन मय नक्शा, खसरा रजिस्ट्री की छायाप्रति इत्यादि सहित प्रस्तुत किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति आगामी सुनवाई दिनांक 11/07/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। आगामी सुनवाई तिथि के पश्चात् दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उक्त ईश्तहार आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 03/07/2025
सुनवाई दिनांक - 11/07/2025

**नायब तहसीलदार, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक 202506093700053 अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष कुमार हरिहारनो आ. स्व. विजय कुमार हरिहारनो, निवासी-गांधी चौक ब्राम्हणपारा, राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगांव के मोहल्ला ब्राम्हणपारा स्थित शीट क्रं. 48बी, भूखण्ड क्रमांक 64/2, क्षेत्रफल 80.68 वर्गमीटर जो धारकगण आशीष कुमार, अनिता ताम्रकार, अल्का ताम्रकार सभी आ. स्व. विजय कुमार हरिहारनो, निवासी-ब्राम्हणपारा, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत हकत्याग पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 16.07.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 01.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नजूल जांच, राजनांदगांव**

# राजनांदगांव जिले में अब तक 638.8 मिमी वर्षा दर्ज

## जिले में आज 72.1 मिमी बारिश हुई

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 638.8 मिमी बारिश एवं औसत 91.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी अनुसार डोंगरगढ़ तहसील में 106.1 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 33 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 163 मिमी, घुमका तहसील में 125.5 मिमी, छुरिया तहसील में 72.8 मिमी, कुमरदा तहसील में 73.5 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 64.9 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 163 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह आज राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 72.1 मिमी एवं औसत 10.3 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 26.5 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 11.9 मिमी, घुमका तहसील में 9 मिमी, छुरिया तहसील में 4.4 मिमी, कुमरदा तहसील में 6.7 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 8.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा डोंगरगढ़ तहसील में 26.5 मिमी दर्ज की गई है।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना साल्हेवारा एवं बकरकट्टा में सिविक थाना दिवस का किया आयोजन






0 सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने पारंपरिक रूप से पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य का स्वागत करने पहुंचे
0 सामुदायिक पुलिसिंग एवं थाना दिवस के अवसर पर नक्सल प्रभावित थाना बकरकटटा एवं साल्हेवारा के स्कूली बच्चों को रैन कोर्ट, स्कूली बैग, कापी पेन, चॉकलेट का किया वितरण
0 आईजी को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर किया

खैरागढ़/साल्हेवारा (दावा)। नक्सल प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों में सुरक्षाबलों के प्रति विश्वास और मित्रता बढ़ाने लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में थाना दिवस के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य (भापुसे) राजनांदगांव रेंज ने केसीजी जिले के थाना साल्हेवारा एवं थाना बकरकट्टा के ग्रामीणों के बीच थाना दिवस के अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना एवं उपस्थित बच्चों को दैनिक जरूरतों के रैनकोट, स्कूल बैग, काफी, पेन एवं चॉकलेट दिया गया। लोगों ने चेहरे पर खुशी के साथ पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।

पुलिस महानिरीक्षक अभिषेक शांडिल्य एवं पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा ने एक-एक करके ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया गया, कि पुलिस उनकी हर संभव सहायता के लिए पुलिस हमेशा तत्पर रहेगी। ताकि ग्रामीण निर्भिक होकर अपनी समस्याओं से पुलिस को अवगत करा सके। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव अभिषेक शांडिल्य एवं पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा के द्वारा थाना साल्हेवारा एवं थाना बकरकटटा में स्वयं उपस्थित होकर आमजनों की समस्याओं को सुना एवं यातायात नियमों का पालन करने व साइबर अपराध से रोकथाम संबंधित जानकारी दिया गया एवं यह भी बताया कि सामुदायिक पुलिसिंग का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति एवं भाईचारे को बढ़ावा देना, युवाओं को सकारात्मक दिशा में कार्य करने हेतु प्रेरित करना और पुलिस तथा ग्रामीणों के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करना और विकास कार्यों को गति देने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग मील का पत्थर साबित हो रही है। साथ में पूरे जिले में शराबखोरी, नशेबाजी और असामाजिक तत्वों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। थाना दिवस का उदेश्य सार्वजनिक जीवन मे पुलिस-पब्लिक संबंधो को मधुर बनाकर और मजबूती प्रदान करना है और साथ ही उनकी समस्याओं और चिंताओं के त्वरित निदान, जागरूकता अभियान, सूचना साझा करने और महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में आम जनता को सूचित करने के लिए एक सहज सुलभ मंच प्रदान करना है। थाना क्षेत्र के आमजन, जनप्रतिनिधि, पत्रकार संघ, ग्राम प्रमुख व कोटवार सहित बडी संख्या में लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। इस मौके पर ग्राम पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय ग्रामीण, महिलाएं एवं पुलिस अधिकारी रक्षित निरीक्षक के. देव राजू, निरीक्षक अम्बरीश शर्मा, नक्सल सेल प्रभारी शिवशंकर गेंदले साल्हेवारा थाना प्रभारी, उपनिरीक्षक कैलाश साहू थाना प्रभारी बकरकट्टा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
04th July to 10th July 2025




Jurassic World Rebirth (Hindi 2D) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Metro In Dino - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:15 pm
Maa - 12:15 and 06:15 pm
Sitaare Zameen Par - 03:15 & 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 4 से रोजाना 4 खेल
छत्तीसगढ़ी फिल्म
मैं राजा तैं मोर रानी




कला : दीपक साहू, एल्सा घोस, पुष्पेन्द्र सिंग
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला कबीरधाम(छ.ग.)**

क्रमांक/आब./ठेका/2025-26/2875 कबीरधाम, दिनांक 01/07/2025

**// निविदा सूचना-पत्र //**

छत्तीसगढ़ राज्य स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/ सी.एस.एम.सी.एल./उ.प्र.(1)/169/2017/1240 रायपुर दिनांक 27.11.2017 के निर्देश के अनुसार वर्ष 2025-26 हेतु देशी/विदेशी काम्पोजिट मदिरा दुकान के लिए सामान्य प्रयोग नियम के अनुरूप कबीरधाम जिले के देशी/विदेशी मदिरा दुकान के लिए आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराया लिये जाने के संबंध में निविदा जारी किये जा रहे है :-

| क्र. | मदिरा दुकान का नाम | दुकान स्थापना हेतु निर्धारित क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान रेंगाखार | ग्राम पंचायत रेंगाखार के सीमा अंतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर मदिरा दुकान हेतु साज सज्जा से युक्त |

उपरोक्त मदिरा दुकान के लिए आपत्तिरहित स्थल पर भवन किराये पर लिये जाने के संबंध में कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी (कलेक्टर) कबीरधाम के अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में मुंहरबंद निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 07.07.2025 समय 2.00 बजे दोपहर तक है।** निर्धारित मापदण्ड की जानकारी कार्यालय से कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्राप्त करेंगे तथा **निविदा प्रपत्र शुल्क - 1000/- (एक हजार रूपये मात्र) बैंक ड्राफ्ट, जिला आबकारी अधिकारी, कबीरधाम** (छ.ग.) के नाम से जमा कर दिनांक **07.07.2025** को समय अपरान्ह 12.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। सबसे कम दर वाले निविदा स्वीकार किया जावेगा। निविदा स्वीकार करने का या न करने का अंतिम निर्णय समिति का होगा। कार्यालय में प्राप्त निविदा की तकनीकी बिड **दिनांक 07.07.2025 को समय शाम 4.00 बजे एवं वित्तीय बिड दिनांक 09.07.2025 समय शाम 4.00 बजे** निविदाकारों से समक्ष खोली जावेगी।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जी- 252601959/2

**जिला आबकारी अधिकारी हेतु कलेक्टर जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

# बरसात में करेंट से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने विद्युत विभाग ने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। बरसात का मौसम आते ही बिजली के करंट का खतरा बढ़ जाता है एवं बिजली के खंभों, एचटी लाइन, तारों और घर पर करंट के कारण कई हादसे देखने को मिलते हैं। इन हादसों में कई बार लोगों की जान तक चली जाती है। इसका कारण जानकारी का आभाव है। बिजली की लाइनों और घरों में प्रवाहित होने वाले करंट से बचने के लिए विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए सावधानी बरतने की अपील की है।

छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र सभी चारों जिलों के समस्त गणमान्यजनों को सचेत करते हुए कहा है कि जरा सी असावधानी की वजह से करंट बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मर एवं उपकरणों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि आंधी-तूफान में खंबे, तार आदि टूटे हो तो इसकी सूचना तत्काल कंपनी के टोल फ्री नं. 1912, मोर बिजली एप एवं समीप के वितरण केन्द्र या जोन कार्यालय में दें। बारिश में बिजली के खंभों, तारों, और ट्रांसफार्मर से दूर रहें और किसी भी क्षतिग्रस्त लाइन या उपकरण को न छुएं। यदि आपको करंट लगने की आशंका है तो तुरंत बिजली विभाग को सूचित करें। जहां बिजली के तार या उपकरण हो वहां बारिश के पानी में करंट फैल सकता है, इसलिए पानी में न चलें या न तैरें। बिजली के उपकरणों का उपयोग करते समय, सुनिश्चित करें कि आपके पैर सूखे हों और आप रबर या प्लास्टिक के जूते पहने हों। इस तरह की सावधानियां को ध्यान में रखते हुए बरसात के मौसम में बिजली से सतर्कता बरतनी चाहिए। बरसात के मौसम की शुरुआत के साथ ही बिजली विभाग सतर्क हो गया है। विभाग द्वारा बारिश से पूर्व सभी फीडरों, ट्रांसफार्मरों और तारों की जांच की जा चुकी है, लेकिन नागरिकों की सतर्कता भी उतनी ही जरूरी है।



दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपभोक्ताओं को भी कुछ बातें ध्यान रखना आवश्यक है - विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के लिए घरों/खेतों आदि में बिजली के गुणवत्तापूर्ण उपकरणों का उपयोग करें। बाड़ी/खेतों की बाढ़/कंटीले तार आदि में विद्युत प्रवाहित न करें। यह अनाधिकृत है, इससे किसी की जान भी जा सकती है एवं विभाग द्वारा खेत या बाड़ी के मालिक पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है।

विद्युत लाईनों, उपकरणों/ट्रांसफार्मर आदि में खराबी आने पर अनाधिकृत रूप से उनको सुधारने का प्रयास न करें। ऐसी स्थिति में विभाग के संबंधित कर्मचारी/अधिकारी को सूचित करें। बिजली की लाइनों के नीचे और उनके समीप बिलकुल स्थायी अथवा अस्थायी निर्माण ना करें। विद्युत लाइनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। यदि बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिरा पाया जाता है, तो उससे दूर रहे तथा अन्य व्यक्तियों को भी दूर रहने की सलाह दें। इसकी जानकारी तत्काल संबंधित लाईनमेन/कनिष्ठ अभियंता को देकर विद्युत प्रवाह बंद करावें। नदी, नालों, तालाबों आदि में बिजली का तार टूटकर गिरा पाये जाने पर उनके अंदर न जाये, तथा पर्याप्त दूरी बनाये रखें। इसकी सूचना संबंधित लाईन कर्मचारी/कनिष्ठ अभियंता को तत्काल देकर विद्युत प्रवाह बंद करावें।

विद्युत लाइनों से सीधे हुकिंग कर बिजली का अनाधिकृत उपयोग न करे, यह खतरनाक हो सकता है। कपड़ सुखाने के लिए बिजली के खंभे और स्टे तार आदि का उपयोग ना करें। कपड़े सुखाने वाले तार की विद्युत उपकरणों/लाईनों से पर्याप्त दूरी रखें। विद्युत लाईनों से छेड़छाड़ न करें एवं कटी-फटी सर्विस लाईनों का उपयोग न करें। अस्थायी कनेक्शन हेतु कटे-फटे वायर का उपयोग न करें। पर्याप्त लंबाई की बल्लियों का उपयोग करें, ताकि लाइन की जमीन से पर्याप्त ऊंचाई रहे। बच्चों को विद्युत उपकरणों/लाईनों के आसपास न खेलने दें। यदि कोई व्यक्ति तारों के संपर्क में आ जाता है तो निम्न सावधानी बरतनी चाहिए - स्विच से विद्युत प्रवाह तुरंत बंद कर दे। यदि स्विच बंद न कर सकें तो दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सूखी रस्सी, सूखा कपड़ा या सूखी लकड़ी की सहायता से तारों से अलग करें। ऐसा न करने से सहायता करने वाले को भी बिजली का झटका लग सकता है। दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को सूखी जमीन या सूखे फर्श पर लिटायें एवं कृत्रिम सांस देकर उसका प्रथम उपचार करें एवं अस्पताल पहुंचाने की शीघ्र व्यवस्था करें।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि भीषण गर्मी, आंधी-तूफान और बारिश जैसे मौसम बिजली कर्मियों के लिए युद्ध के मैदान जैसी स्थिति उत्पन्न करता है। जरा सी गलती होने पर किसी की भी जान जा सकती है या जीवनभर के लिए विकलांग हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं से अपील है कि वे लाइन कर्मचारियों को उनके सुधार कार्यों में सहयोग करें। बिजली आपूर्ति अवरुद्ध होने पर उपभोक्ता 5 से 10 मिनट रूककर बिजली कंपनी के टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने ने कहा कि फीडर में आई खराबी या फाल्ट को ढूंढना और उसका निराकरण करना आसान नहीं होता है। भीषण गर्मी, आंधी-तूफान, बारिश और अंधेरे की परवाह न करते हुए फाल्ट खोजने की कार्यवाही की जाती है। कभी-कभी सभी खंभों की जांच करनी पड़ती है तो कभी-कभी गड़बड़ी कुछ खंभों के बीच ही शीघ्र मिल जाती है।

विद्युत व्यवस्था के सुचारु संचालन एवं सुरक्षात्मक दृष्टि से कार्य करने में उपभोक्ताओं का सहयोग भी आवश्यक है। क्योंकि विद्युत लाइनों में जरा सी भी असावधानी या छेड़खानी से बड़े-बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपभोक्ताओं को भी उक्त बातें ध्यान रखना आवश्यक है, जिससे लोगों के घर के साथ-साथ जीवन भी रोशन रहे।

# डॉ. रमन सिंह ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया




राजनांदगांव (दावा)। गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में दैनिक भास्कर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में विधायक डॉ. रमन सिंह ने प्रतिभावान छात्रों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में गायत्री विद्या मंदिर कंचनबाग के कक्षा दसवीं से सोलह विद्यार्थी एवं कक्षा बारहवीं से नौ विद्यार्थियों को यह सम्मान प्राप्त हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री के हाथों यह पुरस्कार प्राप्त कर बच्चें गौरवान्वित महसूस कर रहे है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, महापौर मधुसूदन यादव, खैरागढ़ के कुलपति एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही। शाला के प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उप प्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू एवं समस्त शिक्षकगणों ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सीमा ग्राम कटेमा में मलेरिया मास स्क्रीनिंग अभियान, 131 लोगों की जांच नेगेटिव, 25 परिवारों को छाते वितरित

खैरागढ़ (दावा)। स्वास्थ्य विभाग और आईटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) की संयुक्त टीम ने जिले के अंतिम छोर पर स्थित मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र सीमा ग्राम कटेमा में मलेरिया मास स्क्रीनिंग अभियान चलाया।



घर-घर जाकर की गई इस जांच में गांव के 25 घरों में 131 लोगों का मलेरिया परीक्षण किया गया। जिसमें सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई। अभियान के दौरान टीकाकरण भी किया गया, जिसमें 2 बच्चों को एमआर 1 व एमआर 2 का टीका लगाया गया। 2 नई गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया। 52 लोगों का बीपी व आरबीएस (रक्त शर्करा) जांचा गया और ज़रूरतमंद लोगों को दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इसके अलावा 25 लोगों की सिकल सेल की जांच की गई, जिसमें 3 लोग पॉजिटिव पाए गए। कटेमा ग्राम की कुल जनसंख्या 145 है।

### ये रहे मौजूद

इस अभियान में बीएमओ डॉ. विवेक बिसेन, आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट राकेश, चिकित्सक डॉ. अनुराधा, नोडल अधिकारी सोनल ध्रुव, सुपरवाइज़र प्रेमलाल पाल, सीएचओ नेहा टंडन, अंबिका साहू, आरएचओ थानेन्द्र मरकंडे, लक्ष्यण मरकाम, संतोष मंडावी, भेखचंद साहू सहित कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### हर परिवार को मिला 2 छाता

मास स्क्रीनिंग के दौरान स्वयंसेवी संगठन निर्मल त्रिवेणी महाअभियान और नई शुरुआत की ओर से 25 परिवारों में प्रत्येक को 2-2 छाते वितरित किए गए। इस वितरण कार्यक्रम में निर्मल त्रिवेणी महाअभियान के संस्थापक व सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, मंगल सारथी, उत्तम दशरिया, गोपीचंद सिन्हा, सुनील वर्मा तथा आईटीबीपी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

### 80 साल बाद पहुँच रही बिजली, जताई खुशी

सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने इस अवसर पर ग्रामीणों से शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास समेत उनकी अन्य ज़रूरतों की जानकारी ली। ग्राम पंचायत व ग्रामीणों ने आज़ादी के 80 वर्षों बाद पीएम जनमन योजना के माध्यम से गांव में पहुंचने वाली बिजली पर खुशी जताई और उम्मीद जताई की बिजली का काम जल्द पूरा हो। साथ ही ग्रामीणो ने सीसी रोड, जल जीवन मिशन. योजना की समस्याओं, देव स्थल पर टीन शेड जैसी जरूरतों को भी सामने रखा। सांसद प्रतिनिधि ने इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिया।

# लोधी समाज को संगठन में समुचित स्थान देने की मांग को लेकर भूपेश से मिले विष्णु लोधी



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर कांग्रेस संगठन में लोधी समाज के योग्य प्रतिनिधियों को समुचित स्थान देने की मांग की है। यह मांग समाज के विभिन्न जिलों से प्राप्त सुझावों, प्रतिनिधियों की राय और वरिष्ठजनों के परामर्श के आधार पर की गई है।

लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री लोधी ने भूपेश बघेल को सौंपे गए पत्र में उल्लेख किया है कि राजनांदगांव , खैरागढ़, मोहला-मानपुर, अं. चौकी, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर और रायपुर जिलों में लोधी समाज की सशक्त उपस्थिति है। इन क्षेत्रों में लोधी समाज विगत अनेक वर्षों से कांग्रेस पार्टी के प्रति निष्ठावान और सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। विशेष रूप से डोंगरगांव, खैरागढ़, डोगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र जैसे इलाकों में समाज की सहभागिता ने पार्टी को निरंतर समर्थन प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की पहचान सर्वसमावेशी सोच और सामाजिक समरसता में है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए लोधी समाज के कर्मठ, निष्ठावान और सक्रिय कार्यकर्ताओं को प्रदेश संगठन में प्रतिनिधित्व दिया जाना समय की आवश्यकता है। इससे न केवल समाज का सम्मान बढ़ेगा, बल्कि संगठन भी मजबूत होगा। विष्णु लोधी ने विश्वास जताया कि पार्टी नेतृत्व समाज की इस भावना को समझेगा और लोधी समाज के प्रतिनिधियों को संगठन में उपयुक्त दायित्व देकर समाज की भागीदारी को सम्मानित करेगा। यह कदम पार्टी और समाज दोनों के हित में होगा।

# समितियों में खाद बीज उपलब्ध कराने में सरकार नाकाम - भागवत साहू



राजनांदगांव (दावा)। कृषि प्रधान देश के कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत कृषि प्रधान इस जिले में ट्रिपल इंजन की दुहाई देने वाली भाजपा सरकार किसानों को खून के आँसू रुला रही है। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कही है।

**राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, बताई आंदोलन की बाध्यता**

श्री साहू के नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल के नाम मांग पत्र भरेगांव समिति के प्रबंधक के द्वारा सौंपकर किसानों को समितियों के माध्यम से खाद बीज अविलंब उपलब्ध कराने की मांग की है। संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन में कांग्रेस पदाधिकारियों ने खाद-बीज की शीघ्र व्यवस्था नहीं होने की दशा में उग्र आंदोलन की मजबूरी बताई है।

श्री साहू ने आगे कहा कि किसानों द्वारा लगातार सोसायटी में चक्कर लगा रहे है और धान बोवाई रोपाई कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन खाद एवं बीज नहीं मिल रहे है। जिससे परेशान होकर किसान कांग्रेस से आग्रह कर रहे है कि खाद व बीज की उपलब्धा की जाए। सभी सोसायटी में खाद एवं बीज भेजा नहीं जाएगा तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ उग्र आंदोलन करेगी। इस दौरान मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू, रोहित चंद्राकर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, सुग्रीव साहू सरपंच सुरगी, तुलदास साहू, सनी साहू, सुनील कुमार, हुकुम सिंग, भागचंद सिन्हा, डोमन लाल, राजेश साहू, होमलाल, अंगेश्वर देशमुख जिला कोषाध्यक्ष, दिलीप चंद्राकर, तुलदास साहू, योगेश, सुभाष चंद्राकर, बासदेव चंद्राकर, त्रिमुक्त सिन्हा, नीलमणि, कौशल कुमार, संतोष, तजेंद्र वैष्णव, सोमनाथ निषाद, जितेंद्र साहू, खिलावन साहू, झरोखे लाल, नरेंद्र कुमार सहित सुरगी, भरेगांव, सोमनी तीनों गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# किसान नेता अशोक चौधरी ने किसानों को दी सामयिक सलाह



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में कम वर्षा के कारण खेतों में खरपतवार की अधिकता हो गई है। खरपतवार की नींदाई गुराई करने में अधिक खर्च आता है इसलिए वैज्ञानिकों के द्वारा सुझाए गए दवाई को स्प्रे करने से खरपतवार समाप्त हो जाता है और धान का ग्रोथ अच्छा होता है।

ज्ञात हो कि धान पकने के समय बालियां को सूखने का काम तना छेदक कर देता है। यह भी ज्ञात हो की तना छेदक पौधे में ही लग जाता है इसलिए इसका उपाय एक महीने की फसल के पहले ही करना चाहिए इसके लिए भी वैज्ञानिकों ने दवाई का सुझाव दिया है। यह दोनों दवाई किसान कॉल सेंटर नई दिल्ली के वैज्ञानिकों के द्वारा सुझाया गया है श्री चौधरी ने इसका विवरण देते हुए कहा कि इसका प्रयोग करके अपने फसल को सुरक्षित करें जो लोग रोपा लगाते हैं। रोपा लगाने के पहले इस दवाई के घोल में थरहा के जड़ को भीगा लेना चाहिए। खरपतवार नियंत्रण एवं तना छेदक नियंत्रण की दवाई इस प्रकार है।

उन्होंने किसानों से कहा कि धान की फसल में घास वाली तथा चौड़ी पत्तियों वाले खरपतवार प्रबंधन के लिए बिस्पाईरिबैक सोडियम 10 प्रतिशत एससी दवा की 80-100 मिलीलीटर मात्रा प्रति एकड़ की दर से 10 गिलास पानी के साथ मिलाकर 150 से 200 लीटर पानी के साथ घोल बनाकर बोवाई के 15 से 20 दिन बाद छिड़काव करें।

किसान धान में हुए तना छेदक के प्रकोप को खत्म करने के लिए कारटाप हाइड्रोक्लोराइड 4 प्रतिशत जीआर दवा की 8 से 10 किलो मात्रा प्रति एकड़ की दर से 10 किलो नमीयुक्त रेत में मिलाकर खेत में भुरकाव करें।

# घुमका नगर की अव्यवस्थाओं के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार - पीयूष दुबे

राजनादगांव (दावा)। कांग्रेस नेता पीयूष दुबे ने घुमका नगर की अव्यवस्थाओं के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि घुमका को नगर पंचायत का दर्जा मिलने व अस्तित्व में आने के बाद भी समय पर चुनाव नहीं कराने का असर अब घुमका में दिखने लगा है।



**मास्टर प्लान तैयार कर नगर का हो सुव्यवस्थित विकास**

बरसात लग जाने के बाद भी नगर की नालियों की सफाई पूरी नहीं हो पाई है और जहां सफाई हुई है, वहां एक महीने से कचरों को उठाया तक नहीं गया है। दुबे ने कहा कि चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात की तर्ज पर यहां लगभग 36 लाख की लागत से 12 जगहों पर बगैर सेंसर हाई मास्ट लाइट लगाई गई है, जो कही आधा अधूरा जल रहा तो कहीं बंद पड़ा है या रिपेयरिंग के लिए निकाल लिया गया है। जनता के द्वारा शिकायत किए जाने पर लोड ज्यादा होने का बहाना बना दिया जाता है। अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की व्यवस्था भी विभाग द्वारा अभी तक नही किया गया है। नगर की स्ट्रीट लाइटे अधिकतर स्थानों पर पिछले 4 महीनो से बंद पड़े हैं। जिससे आम नागरिकों को रात के समय बरसात के मौसम में जहरीले जीव जंतु का भय बना रहता है। बिना नाली निर्माण किए सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिससे बरसात में परिस्थितिया गंभीर बनी हुई है। सीसी रोड के निर्माण में गुणवत्ता की कमी हैं। कुछ स्थानों पर बजरी गिट्टी का भी इस्तेमाल ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है। जिसकी शिकायत भी की गई थी और यह जांच का विषय भी है। उच्च स्तर पर जांच की मांग जल्द ही की जाएगी।

भाजपा के राज में घुमका का विकास भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते नजर आ रहा है। नगर में नल जल योजना भी आए दिन ठप रहने लगा है। पेयजल की आपूर्ति भी ठीक से नही हो पा रही है। दुबे ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि षड्यंत्र पूर्वक घुमका में चुनाव नहीं कराकर लोकतंत्र की हत्या की गई है। परिसीमन व आरक्षण में विलंब किया गया। जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों के न होने से मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता को भटकना पढ़ रहा है। दुबे ने नगर के सुनियोजित विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार कर विधिवत कार्य कराने की मांग की है।

# आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजयुमो का प्रदेश स्तरीय मॉक पार्लियामेंट आयोजित

राजनांदगांव (दावा)। भाजयुमो द्वारा आपातकाल की 50वीं बरसी के अवसर पर रायपुर में प्रदेश स्तरीय मॉक पार्लियामेंट का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भारत के 100 स्थानों पर आयोजित इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा हेतु युवाओं को जागरूक करना था। छत्तीसगढ़ प्रदेश से चयनित 70 विद्यार्थियों ने इस आयोजन में भाग लेकर मॉक पार्लियामेंट के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जीवंत प्रस्तुति दी है। राजनांदगांव से भाग लेने वालों में दिग्विजय कॉलेज के छात्र शिवम यादव, संयम शर्मा ने मॉक पार्लियामेंट मे बात रखी। कार्यक्रम के विषय मर भाजयुमो राजनांदगांव जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने बताया कि 1975 में लागू किया गया आपातकाल कांग्रेस की तानाशाही सोच का प्रतिबिंब था। वह कालखंड भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नागरिक अधिकारों एवं न्याय की आवाज को कुचला गया। तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने सैकड़ों नेताओं को बिना किसी सुनवाई के जेल में डाल दिया।




**जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए**

इस अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं से लोकतंत्र की रक्षा हेतु सदैव सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर आपातकाल की भयावहता को उजागर करते हुए यह संदेश दिया गया कि भारत की लोकतांत्रिक विरासत को किसी भी स्थिति में कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। जिला युवा मोर्चा से रायपुर जाने वालों में जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, प्रदेश पदाधिकारी नीरज यादव, अनुराग चौरसिया, दुर्गेश साहू, जिला महामंत्री दव्य गोलू सूर्यवंशी, डीकेश साहू, विवेक शर्मा, पिंटू वर्मा, देवा झा, ज्ञानेश गुप्ता, संयम शर्मा, आशुतोष सिंह, मनीष साहू, प्रखर श्रीवास्तव, सज्जा सिंह ठाकुर, सुमित मिश्रा, आदित्य पराते, अमित बोस, हिमांशु सेन, प्रहलाद भांचा, तिमेश साहू, सूरज नायक, अंशुल श्रीवास्तव, देवेंद्र वर्मा, नितेश नायक, हिमांशु सोनवानी, भार्गव राव, रोहित सिन्हा, संभव बैद, विकास साहू, आशीष सिन्हा, हरीश सोनवानी, मनीष यादव, कुशाल यादव, बाबू झा, सिद्धार्थ गौतम उपस्थित रहे।

# युवा रत्न सम्मान योजना

राजनांदगांव (दावा)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, साहसिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं को उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू की गई है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमें एक अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान की स्थापना किया गया है। इस कार्य में व्यक्तियों, संगठनों के योगदान को प्रोत्साहित करने मान्यता देने एवं प्रतिष्ठ मंडित करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों एवं संगठनों को युवा रत्न सम्मान प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है। युवा रत्न सम्मान योजना का उद्देश्य राज्य में सामाजिक, संस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल एवं अन्य क्षेत्र में 15-29 आयु वर्ग के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों को प्रेरित करना तथा युवाओं में अपने समुदय के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना। इस प्रकार अच्छे नागरिक के रूप में उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार हो, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना, राष्ट्रीय विकास और समाज सेवा के लिए युवाओं के साथ काम करने वाले स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को मान्यता प्रदान करना है।

# भ्रष्टाचार की हद पार : ठेकेदार ने बिना सेंटरिंग किए ही कर दी मिट्टी के ऊपर पूल की ढलाई, अधिकारियों ने मानी गलती



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर, अम्बागढ़ चौकी जिले में लंबे समय तक माओवादिओं पर आरोप लगते रहे कि ये विकास कार्य के बाधक है। लेकिन समय बीतने के साथ अब मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी जिले को लूटने के लिए अफसरशाही और ठेकेदार ने कमर कस ली है। मानपुर विकासखंड के गेट्टेगहन बुकमरका नवनिर्मित प्रधानमंत्री सड़क योजना में स्थित पुल के पहले ही बरसात में 2 वर्ष के भीतर तीन बार ढह जाने के मामले में जिला प्रशासन संबंधित ठेकेदार और सब इंजीनियर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। इधर मोहला विकासखंड के ग्राम करमरी मे भ्रष्टाचार की हदें पार कर बिना सेंटरिंग के मिट्टी के ऊपर पुल की ढलाई कर दी गई है। ठेकेदार पंचायत के पुल निर्माण में डोंगरगांव का नेता बन गया है।

उल्लेखनीय है कि मोहला जनपद पंचायत के करमरी ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम नाटीपार से छुरियाडोंगरी पहुंच मार्ग के बीच पुल निर्माण हेतु ग्राम पंचायत को 15 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है। निर्माण कार्य का कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत है, लेकिन पुल निर्माण कि स्वीकृति और काम का ठेका उच्च स्तर पर उपर से डोंगरगांव निवासी किसी नेता सागर वर्मा को दिया गया है। जिसने विभाग के एसडीओ सुभाष गोरे, सब इंजीनियर बसंत ध्रुव के साथ मिलकर बिना सेंटरिंग प्लेट के नाले के मिट्टी के ऊपर स्लैब ढाल दिया है। इस अनोखे निर्माण कार्य को लेकर इस वनांचल क्षेत्र में जमकर चर्चा हो रही है कि यह निर्माण सरकार के 5 साल के कार्यकाल तक भी नहीं टिक पाएगा।

## अनमोल दावा

> जो सब्र के साथ इंतजार करना जानते हैं, उनके पास हर चीज किसी न किसी तरीके से पहुंच जाती है।

### सम्पादकीय

# राजनेताओं में 'बोल बच्चन' की संख्या में इजाफा हो रहा है

असंयमित वाणी और व्यवहार ने राजनीति के स्तर को गिरा दिया है। हाल ही की ऐसी ही चंद घटनाओं ने शिष्टाचार की धज्जियां उड़ायी है। हिमाचल प्रदेश के शिमला में एक मकान टूट कर गिर पड़ा था, जिसकी दहशत के चलते मकान खाली कराया गया। तब मकान मालकिन रंजना वर्मा ने शिकायत की कि नेशनल हाइवे एथारिटी आफ इंडिया के मार्ग में हो रहे निर्माण कार्य के कारण यह मकान गिरा है। वास्तव में सड़क निर्माण कार्य 30 मीटर दूर नियमानुसार था। किन्तु, शिकायत के जांच में आए राज्य के मंत्री ने नेशनल हाइवे के दो इंजीनियरों को तुरन्त बुलवाया और जांच करने के बदले असंसदीय भाषा का उपयोग करके उस पर हमला कर दिया। जिससे उनके के सिर पर चोट आयी और उसे घसीट कर कार में ले जाने का प्रयास किया किन्तु, बमुश्किल उनसे छुटकारा पाकर वह सरकारी अस्पताल में इलाज करवाने पहुंचा।

राज्य के विधानसभा में प्रतिपक्ष ने भाजपा के नेताओं मंत्री अनिरूद्ध सिंह की इस्तीफे की मांग की है। कानून अपने हाथों में लेकर दादागिरी करने वाले मंत्री पर सख्त कार्यवाही करके न्याय प्रदान करने की मांग केन्द्र के परिवहन मंत्रालय और हाइवे विभाग के मंत्री नितिन गडकरी से भी की है।

जनता के वोट पाकर निर्वाचित मंत्री सत्ता के मद में चूर होकर इस प्रकार कानून हाथ में लेकर दादागिरी करते हैं तो सरकारी कर्मचारियों की निष्ठा और कार्यो पर विपरीत असर पड़ेगा, इसको नेता ध्यान में नहीं लेते। ऐसी ही घटना मध्यप्रदेश में घटी है। भाजपा सरकार के मंत्री महिला पुलिस अधिकारी को सार्वजनिक स्थान में धमका रहे हैं। ऐसी घटनाओं में केवल इस्तीफे मांगने का कोई औचित्य नहीं है। निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती तब तक उन्हे ''सस्पेंड'' करना चाहिए। फिर, पुष्टि हो जाने के बाद कानून अनुसार सजा भी होनी चाहिए। ''जनता के सेवक'' और सरकारी अमला के बीच भी लक्ष्मण रेखा है, जिसका उल्लंघन नहीं होना चाहिए। शासक नेता तानाशाह बनेंगे तो जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी।

उक्त संदर्भो में महाराष्ट्र विधानसभा की दो घटनाएं उल्लेखनीय हैं। विधानसभा के पूर्व स्पीकर और वर्तमान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले गृह में स्पीकर की कुर्सी तक पहुंच गए थे। उसके बाद स्पीकर राहुल नार्वेकर ने उन्हे एक दिन के लिए संस्पेंड कर दिया था। राज्य के एक भाजपा सदस्य ने किसानों की ऋण माफी के धन का उपयोग विवाह समारोह में किए जाने की आलोचना करते हुए कहा कि सरकारी धन से कपड़े, जूते और मोबाईल खरीदे जा रहे हैं। नाना पटोले ने इस मुद्दे के आधार पर संबंधित सदस्य और मुख्यमंत्री को माफी मांगनी चाहिए, ऐसी मांग की थी। जिसका ही विरोध करते हुवे वे स्पीकर की कुर्सी तक पहुंच गए थे।

निःसंदेह विपक्ष को विरोध करने की छुट है और होनी भी चाहिए। यह उनका कर्तव्य भी है। किन्तु, अनुशासन और संयम भी अनिवार्य है ऐसी घटनाओं का दुष्प्रभाव जनता पर कैसा पड़ता है? इसका भी विचार करना चाहिए। भाषा के विवाद में किसी नागरिक को सजा करने की शुरूवात होती है, तो यह कहां जाकर अटकेगी? नेताओं से अच्छे और शालिन व्यवहार की जनअपेक्षा रहती है।

विधानसभा की कार्यवाही के समय संबंधित मंत्रियों और सचिवों को भी उपस्थित होने की परम्परा है। जिससे जनता और राज्य के प्रश्नों को सुनकर निराकरण करने में सरलता मिले।

# इजराइल ने बरसाई आग, आप की 'एलआईसी' खाक

**जब दुनिया की नजरों के सामने इजराइल का पोर्ट धधक रहा था, भारतीय न्यूज चैनलों की बातें की आंखें एक किताब पर टिकी थी 'गीता बच गई'। भारत की मीडिया में अगर इस वक्त कई चीज सबसे ज्यादा सुरक्षित है तो वह है अंधभक्ति और अदाणी की चुप्पी।**

**लेकिन हकीकत यह है कि ईरान ने जिस हाइफा पोर्ट पर सैकड़ों हाइपरसोनिक मिसाइलें बरसाईं, उस बंदरगाह में भारत के सबसे विवादास्पद कारोबारी गौतम अदाणीका 1.2 अरब डॉलर का निवेश जलकर खाक हो गया है। ये पैसा अदाणी ने अपनी जेब से नहीं लगाया था, बल्कि भारतीय बैंकों, एलआईसी और आम जनता की गाढ़ी कमाई से पोर्ट खरीदने की ये बाजी खेली थी।**

**हाइफा में आग लगी है, लेकिन भारत की आत्मा जल रही है। ईरान ने हाइफा पोर्ट पर जो कहर बरपाया है, वह सिर्फ इजराइली प्रतिष्ठानों के लिए चेतावनी नहीं है। यह एक सीधी चोट है उस भारतीय नीति पर, जिसने देश के संसाधनों को कारपोरेट तिजोरी में भरने की आदत बना ली है। अदाणी पोर्ट्स ने इजराइली गेडोट ग्रुप के साथ मिलकर हाइफा पोर्ट की 70प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी थी। अब वही गेडोट ग्रुप मलबे में तब्दील हो चुका है, और अदाणी की संपत्ति राख।**



**गौतम अदाणी का 1.2 अरब डॉलर का निवेश इजराइली हमलों में तबाह हो गया है। ये पैसा अदाणी ने अपनी जेब से नहीं बल्कि भारतीय बैंकों, एलआईसी और आम जनता की गाढ़ी कमाई का था**

### क्या भारत सरकार को कोई फर्क पड़ा ?

पीएमओ ने एक शब्द बोला ? क्या एलआईसी और बैंकों को अपनी डूबती पूंजी की चिंता है ? नहीं ! क्योंकि फिलहाल भक्तों को गीता की किताब दिख रही है, गीता का सार नहीं।

''बैठता हूं तो दर्द होता है, दर्द होता है तो बैठ जाता हूं...'' यह पंक्तियां अब गौतम अदाणी की नहीं, देश के आम निवेशकों की स्थिति का बयान बन गई हैं। क्योंकि आज जब अदाणी पोर्ट्स के शेयर गिर रहे हैं, तब सड़कों पर किसी ने यह सवाल नहीं पूछा कि कौन लाया था ये डील? किसने कहा था कि अदाणी को इजराइल में रणनीतिक बंदरगाह खरीदने दो? क्यों एलआईसी और बैंकों के पैसों से विदेशी युद्ध क्षेत्र में निवेश किया गया?

### यह युद्ध केवल इजराइल से नहीं है

ईरान ने इस हमले के जरिए न केवल इजराइल को बल्कि उसके साझेदारों को भी साफ संदेश दे दिया है कि जो जायोनी ताकतों के साथ खड़े होंगे, वो भी जलेंगे। अगर अदाणी अब अपने इजराइली साथी को ड्रोन भेजता है, जैसा कि खुफिया खबरें कह रही हैं, तो भारत सीधे तौर पर ईरान की रडार पर आ जाएगा। और तब, पूरा इस्लामिक वर्ल्ड भारत से व्यापारिक नाता तोड़ सकता है। न तेल मिलेगा, न निवेश। क्या भारत अफगान युद्ध में फंसे पाकिस्तान की राह चलना चाहता है?

### विदेश नीतिः ढुलमुल, बिकाऊ और कायर

मोदी सरकार की विदेश नीति की यह विफलता किसी रॉकेट साइंस से कम नहीं है।

ना ईरान से दोस्ती निभा सके,
ना इजराइल से दूरी बना सके,
- ना अमेरिका को संतुष्ट कर सके।
- अब नतीजा ये है कि ईरान फोन नहीं उठा रहा, इजराइल अपनी बर्बादी पर गुस्से में है और भारत गीता की किताब लेकर न्यूज स्टूडियो में बैठा है। क्या कोई बताएगा कि भारत सरकार इस बर्बादी पर क्या स्टैंड लेगी?

अल जजीरा, सीएनएन, स्काई न्यूज हर जगह हाइफा के जलते वीडियो वायरल हैं। मगर भारत में... प्राइम टाइम पर 'गीता चमत्कार', 'मोदी की चेतावनी' और 'खुशखबरी' वाले ग्राफिक्स। ये वही भारत है, जो कभी गुटनिरपेक्ष आंदोलन का अगुवा था। आज वही भारत खोखले कार्पोरेट राष्ट्रवाद का तमाशा बन गया है।

अदाणी का निवेश नहीं, आपकी जेब जली है हाइफा पोर्ट में 1.2 अरब डॉलर नहीं जले। जला है आपका विश्वास, आपका बैंक, आपकी एलआईसी की पॉलिसी। जला है भारत की विदेश नीति का आखिरी कागज। जली है पत्रकारिता की आत्मा। और राख हो गया है एक पूरे लोकतंत्र का मुखौटा, जो कारपोरेटों के दलाल बन चुके हैं। तो अगली बार जब 'गीता बच गई' कहने वाला कोई भक्त दिखे... उससे पूछिए-'हाइफा भी तो जल गया था. कुछ महसूस हुआ?'

**विदर्भ चंडिका से साभार**

## विचार सरिता

# जीवन सूत्रः एक बार जब संकल्प कर लें तो तो उसे बदलें नहीं बल्कि दृढ़ रहें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



अपना लक्ष्य प्राप्त करने में संकल्प अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। हर्षचरित में बाणभट लिखते हैं कि अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कृत प्रतिज्ञ धीर मनुष्य के लिए पृथ्वी आँगन की वेदी के समान, समुद्र नहर के समान और पाताल तो स्थल के समान है। उसके लिए सुमेरु पर्वत वल्मीक के समान है।

मनुष्य के पास किसी कार्य को करने के लिए शक्ति और क्षमता तो हो सकती है किंतु अगर उसके मन में इच्छाशक्ति नहीं है तो वह कार्य को करने में प्रवृत्त होने के लिए और एक बार कार्य शुरू होने के बाद त्वरण और गति बनाए रखने के लिए संकल्प नहीं कर पाएगा। अतः मनुष्य अपने लक्ष्य को निर्धारित करने के बाद संकल्प कर उसे बनाए रखे। लक्ष्य प्राप्ति और कार्य में निमग्न रहने के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखने की भी आवश्यकता होती है। अगर उचित संकल्प है तो इससे मनुष्य का आत्मविश्वास बना रहता है और वह कर्तव्य पथ पर विपरीत परिस्थितियों के मध्य भी अपना कार्य जारी रखता है। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मनुष्य की गतिमान गाड़ी का अगर क्षमता व आत्मविश्वास ईंधन है तो संकल्प वह आवश्यक और नियमित गति है, जिससे लक्ष्य तक पहुँचा जा सकता है। हाँ। एक बार संकल्प ले लें तो उस पर दृढ़ रहें और अस्थिर विचारों को अपने पास न आने दें। भय, भ्रम और शंका का त्याग कर स्पष्ट दृष्टि रखें।

**स्रोत श्लोकः-**

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा हैः-

व्यवसायात्मिका बुद्धिरेकेह कुरुनन्दन।
बहुशाखा ह्यनन्ताश्च
बुद्धयोऽव्यवसायिनाम्।।2/41।।

इसका अर्थ है,हे कुरुनन्दन! इस कर्मयोग में निश्चयात्मक बुद्धि एक ही है, अज्ञानी पुरुषों की बुद्धियां (संकल्प, दृष्टिकोण) बहुत भेदों वाली और अनन्त होती हैं, क्योंकि वे अस्थिर विचार वाले और विवेकहीन होते हैं।

## शब्द सामर्थ्य -098


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 097 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | याँ | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## सू- दोकू क्र.098

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 097 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |



## सामयिक चर्चा

# पुल टूटने का सच, लालच

अखबार उठाकर,
बानी बोले - ''सुनिए गजाधर!
आज विचित्र किन्तु सत्य खबर-
कड़ी सुरक्षा में
गट्टेगहन नदी पर बनी पुलिया
हल्की बारिश में ही टूट गई।
एप्रोच रोड बह गई।
इससे आवागमन ठप्प हो गया है।
बच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है।
पुलिया टूटने से तीन गांव -
सम्बलपुर, बुकमरका और
मुड़ियाल गांव टापू में
तब्दील हो चुके हैं।
कई राहगीर नदी के
उस पार फॅसे रहने को,
मजबूर हो चुके हैं।
और आश्चर्य की बात
पुलिया पहली बार नहीं,
टूटी है दूसरी बार!
इस पर आप क्या कहेंगे यार!
गजाधर मुस्कराये, बोले-
''हम तो यही कहेंगे बानी!
हल्की बारिश जो कि आई,
पुल को लेकर नदी बही।
यह 'लालच' का उलटफेर है,
हमने उल्टी बात नहीं।''



गिरीश बख्शी

## कविता

# वर्षा और मेरी दशा

जब भी वर्षा की बेला आती है तो
मेरे घर के छप्पर से तोय टपकने लगता है
छत से इनका टपकना
महज इत्तफाक नही है
यह मेरी दशा को बयाँ करती है
ठीक उसी की भांति मेरी जिंदगी में भी
अनेक छिद्र है
जिसे बंद तो नही कर पाता हूँ
किंतु उसे रोकने हेतु स्थल-स्थल पर
बर्तन सरिस प्रयास लगाता हूँ
फिर भी खुद को असफल पाता हूँ
किसी तरह छप्पर को सुधारता हूँ
तो कुछ समस्या बंदर सरिस दौड़कर
फिर मेरी वही दशा कर देती है ।
अस्त-व्यस्त, टूटे-फूटे, लीकेज सरिस
एक को सुधारों तो दूजा शुरू हो जाता है
दूजा को सुधारों तो तीसरा
तीसरा को सुधारों तो चौथा फिर
यह क्रम अनवरत चलने लगता है।।



चन्द्रकांत खुंटे
''क्रांति''
जांजगीर-चाम्पा
(छत्तीसगढ़)

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ मिलकर व्यापार को आगे बढ़ाएंगे। आपके पड़ोसी के साथ रिश्ते बेहतर होंगे, उनके घर आना - जाना होगा। आज आपका झुकाव अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा, जिससे आज आपका मन शांत रहेगा। काम के सिलसिले में दूसरे शहर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, जिससे आर्थिक स्तिथि और मजबूत बनेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, दाम्पत्य जीवन सुखमय बना रहेगा। भाई - बहनों के साथ आज आप मौज - मस्ती करेंगें, बुजुर्गों की बातों पर भी ध्यान देंगें।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, लेकिन जल्दबामें कोई फैसला न करें। आज शेयर मार्केट में सोच समझकर इन्वेसट करने से बढ़िया धन लाभ होगा। शादीशुदा रिश्तों में ताल - मेल बना रहेगा, बच्चे खुश रहेंगें। नौकरी कर रहे लोगों को आज कोई नया ऑफर मिल सकता है।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप किसी स्टार्टअप में इन्वेस्ट करके बड़ा मुनाफा कमाएंगे। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आज से आप जिम ज्वाइन कर सकते हैं। आज आप बच्चों को एक्स्ट्रा एक्टिविटी के लिए क्लासेज भेजने का विचार कर सकते हैं, जिससे उनकी शारीरिक और मानसिक क्षमता का विकास होगा।



**सिंह**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। लेखक आज समाज में घट रही घटनाओं के ऊपर कहानी लिखने का विचार कर सकते है। आज आपको टीवी डिबेट में शामिल होने का शानदार मौका मिलेगा। आज आप सोने - चांदी से जुड़े गहनों की खरीददारी कर सकते हैं। ऑफिस में रोज की अपेक्षा आज आपको ज्यादा काम करना पड़ सकता है।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपने काम को बहुत अच्छे ढंग से करेंगे, जिससे बॉस आपकी तारीफ करेंगे। अविवाहित व्यक्तियों को आज विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा। आज आपको किसी व्यक्ति से धन लाभ होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, जिससे परिवार में खुशियां आयेंगी। आज से आप आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत करेंगे, जिससे आंतरिक सुख की प्राप्ति होगी। लंबे समय से चल रही किसी समस्या का समाधान होगा, जीवनसाथी का सहयोग बना रहेगा।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आपको कुछ कार्यों में तत्काल प्रभाव से परिणाम मिलेगा। आज आप अपना सोशल बिहेवियर ठीक रखें, जिससे लोग आपके काम को सम्मान देंगे। घर लेने वालों के लिए आज अच्छा दिन है, आप डील फाइनल कर सकते है। शादीशुदा रिश्तों में सामंजस्य बना रहेगा।



**धनु**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको रोजगार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगें, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपकी नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बनती दिख रही है। घर से बाहर रह रहे आपके सगे - संबंधियों को घर आने का मौका मिलेगा, जिससे घर में चहल - पहल बनी रहेगी।



**मकर**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी अटके हुए काम को पूरा करने का प्रयास कर सकते हैं, जीवनसाथी से सहयोग की प्राप्ति होगी। प्राइवेट ऑफिस में नौकरी करने वालों को आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप परिवार के साथ बाहर खाने पर जा सकते हैं।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आपको बढ़िया धन लाभ होगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। आज आपका मन अध्यात्म में ज्यादा लगेगा, जिससे मानसिक शांति का अहसास होगा। लंबे समय बाद आज आपकी बात किसी दोस्त से होगी, उससे मिलने भी जा सकते हैं।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। व्यापार में धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। बैंक में नौकरी करने वाले व्यक्तियों को उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें। मीडिया जगत से जुड़े लोग आज किसी बड़ी खबर पर चर्चा करेंगें। आज आपको प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का एक अच्छा ऑफर मिलेगा।

# केसीजी जिले में गंडई नगर के सड़को का हाल- बेहाल...!

गंडई-पंडरिया (दावा)। केसीजी को जिला बने दो साल से अधिक हो गए है लेकिन एक भी ऐसा कोई काम जिला स्तर का देखने को नहीं मिला है। यहां तक कि मूलभूत आवश्यकता बिजली, सड़क, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य भी बदहाल है। जिला स्तर का एक भी काम अब तक नजर नहीं आया है।

### व्यस्ततम मार्ग भी बदहाल

नगर के पंडरिया-कोपेभाठा मुख्य चौक टिकरापारा मार्ग का हाल बेहाल है। मुख्य चौक से पंडरिया तक का मार्ग में भारतीय स्टेट बैंक, जिला सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पीएमश्री शासकीय विद्यालय, शासकीय कन्या विद्यालय सहित तीन निजी विद्यालय एवं दो शासकीय प्राथमिक शाला स्थित है। इस प्रकार प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे नगर एवं गांव से पढ़ाई के लिए आते है। जो मुख्य मार्ग से गुजरते हुए विद्यालय आते-जाते हैं।

### हजारों लोग रोज आते है जिले में

जिला गंडई में मुख्य मार्ग से हजारों लोग आवागमन करते है। गौर करने वाली बात है कि जिला प्रशासन को जिला बनने के बाद गंडई की चिंता ही नहीं है। गंडई की स्थिति जिला बनने के पहले से भी बदतर हो गई है। जबकि प्रति सप्ताह टीएल की बैठक के तमाम अधिकारी विभागों की समीक्षा करते है। अधिकारी पता नहीं कौन से बात की चर्चा बैठक में करते है।



**हर सप्ताह अधिकारी करते है जर्जर सड़क से आवाजाही, कोई नहीं देते ध्यान**

### सड़कें पानी से लबालब

नगर का मुख्य मार्ग बारिश होते है पानी से लबालब हो जाता है। पहला नजारा- स्टेट बैंक के सामने तो बारिश होते ही तालाब दिखाई देने लगता है। दूसरा नजारा- बारिश होते ही नगर के रावण मैदान के सामने से ढ़ाबा-कटंगी मार्ग के गढ्ढों में पानी भर जाता है। जिससे नगर एवं ग्रामवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। तीसरा नजारा- जिले की आराध्य देवी मां गंगई के सामने भी तालाब जैसा नजारा रहता है। चौथा नजारा - यही स्थिति बी मार्केट के सामने के सड़क में रहता है। नगर के मुख्य चौक के गढ्ढ बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे है। टीकरीपारा मार्ग का भी यही हाल है। इस प्रकार बारिश के मौसम में जिला गंडई में नरकीय जीवन व्यतीत कर रहे है।

> गंडई से पंडरिया मुख्य मार्ग में गढ्ढों की जानकारी मिली है। जिसे ठीक किया जाएगा।
> **- राधेश्याम वर्मा**
> **अभियंता, लोक निर्माण विभाग गंडई**

# गंडई महाविद्यालय में स्नाकोत्तर में रसायन शास्त्र की कक्षा प्रारंभ करने छात्र-छात्राओं ने की मांग



गंडई पंडरिया (दावा)। हेमचंद यादव विश्व विद्यालय दुर्ग जिला दुर्ग से संचालित स्थानीय स्वर्गीय पंडित देवी प्रसाद जी चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई जिला केसीजी में छात्र-छात्राओं को स्नाकोत्तर में रसायन शास्त्र की कक्षा नहीं है, विद्यार्थियों,पालकों, एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष के द्वारा स्नाकोत्तर एमएससी में रसायन शास्त्र की कक्षा प्रारंभ करने की मांग काफी लंबे समय से किया जा रहा है।

**प्राचार्य ने निर्धारित प्रारूप में जानकारी उच्च शिक्षा विभाग को भेजी**

इस ओर शासन प्रशासन और ना ही जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं है। इस संबंध में प्राचार्य के द्वारा रसायन शास्त्र विषय की कक्षा प्रारंभ करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में प्रारूप तैयार कर जानकारी अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग इंद्रावती भवन रायपुर को 2 जून 2025 को भेजा जा चुका है। सिर्फ 25 सीट की अनुमति चाही गई है ,अगर इस संबंध में स्वीकृति प्राप्त होती है, तो विद्यार्थियों को इसी सत्र से अध्ययन की सुविधा प्राप्त होगी जिससे बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए इधर-उधर शहरों में न जाकर यहां पढ़ाई करने में सुविधा प्राप्त होगी, जिससे उसको धन और समय दोनों की बचत होगी।

स्थानीय महाविद्यालय में स्नातक में बीए, बीएससी में बायो, गणित, कंप्यूटर साइंस सहित बीकॉम तक की कक्षाएं संचालित है। वही देखा जाए तो स्नाकोत्तर स्तर में सिर्फ हिंदी भाषा और राजनीति शास्त्र ही संचालित है। यानी नगर सहित आसपास ग्रामीण अंचलों के छात्र-छात्राओं को यहां से बीएससी करने के बाद एमएससी करने के लिए अन्य बड़े शहरों की ओर मजबूर होकर जाना ही पड़ेगा,नही तों हिंदी भाषा,और राजनीति शास्त्र में ही मजबूरन एम ए करना ही पड़ेगा। इस संबंध में छात्र छात्राओं के पालकों को शासन प्रशासन के प्रति जमकर नाराजगी भी देखी जा रही है,कॉलेज से मिली जानकारी के अनुसार यहां प्रतिवर्ष सभी स्नातक , स्नाकोत्तर स्तर में कुल मिलाकर लगभग 1250 से 1500 छात्र छात्राएं यहां प्रतिवर्ष अध्यनरत होते है। विषय विशेषज्ञ की कमी बताया जा रहा है।

## पहला कॉलम...

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का नदीम मेमन ने किया स्वागत



खैरागढ़ (दावा)। आगामी 7 जुलाई कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन और रायपुर में होने वाले किसान-जवान-संविधान सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लेने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का संगीत नगरी खैरागढ़ आगमन पर एनसीडब्ल्यूसी प्रदेश अध्यक्ष, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष व जिला विधायक प्रतिनिधि नदीम मेमन (आबकारी विभाग) ने स्वागत किया कर चर्चा की।

### कृषि विकास की दिशा में अहम पहल : कृषि स्थायी समिति की पहली बैठक सम्पन्न



खैरागढ़ (दावा)। जिला गठन के उपरांत खैरागढ़ जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति की पहली बैठक सोमवार 30 जून को जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति दिनेश वर्मा ने की। बैठक में समिति सदस्य भुनेश्वरी देवांगन सहित अन्य सदस्य प्रतिनिधिगण तथा कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2024-25 के दौरान कृषि एवं संवर्गीय विभागों द्वारा योजनांतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों के अनुरूप प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा हुई। समिति द्वारा प्रस्तुत समस्त प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में किसानों को उन्नत बीज और आदान सामग्री सुलभ कराने, सेवा सहकारी समितियों में यूरिया और एन.पी.के. खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, नकली और कालाबाजारी करने वाले कृषि केंद्र संचालकों पर सख्त कार्यवाही करने तथा उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। समिति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों के हित में सभी योजनाओं का प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

### सोसायटी चलो-डीएपी खाद दिलाओ अभियान के तहत आज अछोली में कांग्रेसी करेंगे धरना प्रदर्शन

डोंगरगढ़ (दावा)। 'सोसायटी चलो-डीएपी खाद दिलाओ' अभियान के तहत ग्राम अछोली में आज कांग्रेसी धरना प्रदर्शन करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम अछोली स्थित साहू भवन में ब्लाक कांग्रेस संगठन की संयुक्त बैठक 4 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे आयोजित की गई है। बैठक के पश्चात ग्राम अछोली स्थित सोसायटी का घेराव कर दोपहर 1:30 बजे धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ग्राम ढारा स्थित सोसायटी में 2:30 बजे एवं मोहारा स्थित सोसायटी में 3:30 बजे धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार धरती के भगवान किसानों के साथ धोखा कर रही है। सोसाइटी में खाद बीज वितरण करते तीन माह हो गए। फिर भी किसानों को डीएपी उपलब्ध नहीं कर प्रदेश सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। जिसका विरोध करने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के निर्देश पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के मार्गदर्शन में ब्लाक कांग्रेस डोंगरगढ़ ग्रामीण शहर के नेतृत्व में सोसायटी घेराव धरना प्रदर्शन किसानों को डीएपी एवं अन्य खाद दिलाने उनकी समस्या जानने का कार्यक्रम बनाया है।

### जिले का मुक्तिधाम अल्प समय में बन रहा है स्वर्ग सदृश्य

मोहला (दावा)। मोहला का मुक्तिधाम (श्मशान) एक ऐसा स्थान है जहाँ जीवन की अंतिम यात्रा पूरी होती है, यहां का हर विषय गंभीर, भावनात्मक और चिंतनशील होता है। जिले मुख्यालय मोहला में अल्प समय में ही मुक्तिधाम की सजावट, रंग और ज़मीन की व्यवस्था बोर, कुर्सियां, बैठक स्थल को लेकर साथ ही समाज को एक संदेश भी देती है। जिले का मुक्तिधाम समिति द्वारा कितना सुन्दर संवारा जा रहा है, जिसकी क्षेत्रवासियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

मुक्तिधाम उत्थान समिति के अध्यक्ष यज्ञदत्त द्विवेदी ने कहा कि समस्त मोहलावासियों सहित समस्त धार्मिक समितियों, सामाजिक संगठनों, शासकीय विभाग प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों को आगामी माह जुलाई में मुक्तिधाम स्थल (चिलमटोला रोड) मोहला में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष मुक्तिधाम उत्थान समिति के आह्वान 'एक पेड़ परिवार के नाम' के तहत वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

# निश्चित ही गरीबों का नहीं उद्योगपतियों की सरकार है, भाजपा - दीपक बैज



खैरागढ़(दावा)। राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे के आगामी सोमवार 7 जुलाई के आगमन को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बुधवार को खैरागढ़ में राजपरिवार के क्षत्रिय भवन में कांग्रेस के जिला पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर तैयारियों का जायजा लिया और दिशा-निर्देश देते हुए कहा की पूरे जिले से अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय अध्यक्ष के किसान-जवान-अभियान सम्मेलन में पहुंचने की अपिल कर कार्यक्रम को सफल बनाने कहां, उनके साथ सम्मेलन के जिला प्रभारी पदम कोठारी व विधानसभा खैरागढ़ प्रभारी पंडरिया विधानसभा की पूर्व विधायक ममता चंद्राकर भी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पं. मिहीर झ ने की। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति का आश्वासन दिया।

बैठक समाप्ति के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार की ये सिर्फ सरकारी दावे हैं, ज़मीनी हक़ीक़त है क्या? प्रदेश में कहाँ पैसे आये हैं, किस गांव में काम हो रहा है, ये पैसा सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के नेता और उनके मंत्रियों के जेब में जा रहा है।

**ये सिर्फ सरकारी दावें है, ज़मीनी हकीकत कुछ और है, छत्तीसगढ़ को बदले की भावना व उपेक्षित किया**

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तो बीजेपी पार्टी ने कहीं न कहीं पुरे बदले की भावना से काम की है। छत्तीसगढ़ को कहीं न कहीं पूरी तरीके से उपेक्षित रखा है।

आज डेढ़ साल में छत्तीसगढ़ को क्या हुवा और क्या मिला? छत्तीसगढ़ को सिर्फ लूटने के शिवाय इस सरकार ने कुछ नहीं किया है।। ये सिर्फ कागजी दावे हैं और हक़ीक़त कुछ अलग है, छत्तीसगढ़ आज भी पूरी बदहाल हो चुकी है और इस बदहाली का अगर कारण है तो भारतीय जनता पार्टी है। राज्य सरकार की नाकामियों की बिगुल फूँकेंगे आ रहे हैं हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।

### बीजेपी सरकार पर जमकर भड़ास निकालते हुए बीजेपी पार्टी पर कई आरोप लगाए

छत्तीसगढ़ प्रदेश में जल जंगल ज़मीन को ये सरकार लूटने का काम कर रही है, अपने निजी चहेते उद्योगपतियों को पूरे खनिज संसाधन को बेच दिया है और इसी का नतीजा है की लगातार कोल माइंडस देखे या आयरन ओर देंखे कहीं पेड़ो की कटाई लगातार हो रही है। ये निश्चित ही गरीबों का नहीं उद्योगपतियों की सरकार है।

# शिक्षिका ने जन्मदिन पर शाला में किया वृक्षारोपण



छुरिया (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेंड माँ के नाम' तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक शाला मुंजाल पाथरी संकुल चिरचारी कला में प्रधानपाठक श्रीमति दीपमाला साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न प्रजाति के छायादार व फलदार पौधे रोपण किये।

शिक्षिका दीपमाला साहू के दुवारा अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के तहत कक्षा पहली-दूसरी में पढ़ने वाले बच्चों के माताओं को घर में खेल-खेल में घर में उपलब्ध संसाधनों से ही कैसे शिक्षा दी सकती है पर विस्तार पूर्वक बताया व नियमित स्कूल भेजे जाने का आव्हान किया। शिक्षिका के द्वारा अपने जन्मदिन के अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों व माताओं के साथ शाला परिसर में बेल, काजू, बादाम, कटहल, आम, शमी, गुलमोहर, रीटा समेत अन्य कई प्रजाति के पौधे रोपित किये और उनके सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक महिला माताओं को दिया गया। गौरतलब हो कि शाला परिसर बिना सुरक्षा के अस्त-व्यस्त था। जहां रात्रि में जानवरों व असमाजिक तत्वों द्वारा गंदगी फैलाया जाता था। जिसे स्वयं के व्यय पर जाली तार के द्वारा फेसिंग कर परिसर का सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये। जिसे ग्रामीणों द्वारा सराहा गया। अंत में स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य व महिला माताओं समेत सहायक शिक्षक नेहा कोमरे उपस्थित थे।

# द्वितीय मेरिट सूची से प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 7 जुलाई



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में सत्र 2025-26 में नई शिक्षा नीति के तहत उच्च शिक्षा विभाग एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. (बायो एवं मैथ्स) तथा डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन - प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश हेतु द्वितीय मेरिट सूची 01 जुलाई को जारी की जा चुकी है। छात्र-छात्राएं महाविद्यालय के सूचना पटल एवं महाविद्यालय की वेबसाइट से उक्त सूची का अवलोकन कर सकते है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने बताया कि मेरिट सूची में जिन विद्यार्थियों का नाम आया है, वे विद्यार्थी निर्धारित अंतिम तिथि 07 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन फार्म की हार्डकॉपी और जरूरी दस्तावेजों जैसे - कक्षा 10 वी, 12 वी की अंकसूची की छायाप्रति, जाति, निवास एवं आधार कार्ड की छायाप्रति, टी.सी., सी.सी. माइग्रेशन के साथ महाविद्यालय में आकर निर्धारित काउंटर में शुल्क जमा कर प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. में कटऑफ प्रतिशत बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में अनारक्षित वर्ग हेतु कटऑफ 67 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग में 62.8, अनु. जाति में 44.8, अनु.जनजाति में 53.2 स्वतंत्रता सैनानी वर्ग में 47 प्रतिशत कटऑफ आया है। इसी प्रकार बी.कॉम. प्रथम सेमे. में प्रवेश अनारक्षित वर्ग कटऑफ 72 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग में 65.8, अनु. जाति में 47.73, अनु.जनजाति में 43 स्वतंत्रता सैनानी वर्ग में 47.94 प्रतिशत कटऑफ रहा है। बी.एस.सी. बायो में अनारक्षित वर्ग हेतु कटऑफ 69.26 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग में 63.8 , अनु. जाति में 42.6 , अनु.जनजाति में 46, स्वतंत्रता सैनानी वर्ग में 62.6 प्रतिशत कटऑफ रहा। बी.एस.सी. गणित में अनारक्षित वर्ग हेतु कटऑफ 57 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग में 43.6, अनु.जनजाति में 51.8 प्रतिशत कटऑफ आया है, जबकि बी.एस.सी. कम्प्यूटर साइंस में अनारक्षित वर्ग हेतु कटऑफ 71.6 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग में 71.2, अनु. जाति में 64.8, अनु.जनजाति में 54.8 प्रतिशत कटऑफ रहा है। स्ववित्तीय पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन (डी.सी.ए.) हेतु अनारक्षित वर्ग हेतु कटऑफ 58.8 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग में 48.8, अनु. जाति में 55.2, अनु.जनजाति में 45.4 प्रतिशत कटऑफ रहा है।

# दीपक बैज के स्वागत में कांग्रेसमय हुआ खैरागढ़, कार्यकर्ताओं में दिखा जोश



खैरागढ़ (दावा)। जिला बनने के बाद दूसरी बार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज का खैरागढ़ आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए ज़ोरदार स्वागत किया। मिशन संडे संयोजक एवं विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की अगुवाई में स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह परिसर फूल-मालाओं सहित पटाखों की गूंज से गूंज उठा। दीपक बैज के स्वागत में दीपक बैज जिंदाबाद, भूपेश बघेल जिंदाबाद, यशोदा वर्मा जिंदाबाद आप संघर्ष करो हम आपके साथ हैं' और 'कांग्रेस पार्टी ज़िंदाबाद जैसे नारों से शहर का माहौल कांग्रेसमय हो गया। कार्यकर्ताओं ने दीपक बैज को फूल-मालाओं से लाद दिया। वहीं आतिशबाजी से माहौल बना रहा। दीपक बैज ने इस अवसर पर संगठन की मजबूती, जनसंघर्ष और कार्यकर्ताओं की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत ही असली ताकत है और उन्हें जनता का विश्वास दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

विश्रामगृह में हुए स्वागत समारोह में मिशन संडे संयोजक मनराखन देवांगन ने खैरागढ़ की स्थानीय समस्याओं को खुलकर उठाया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के कान भी बंद हैं और आंखें भी। शिकायतों की फाइलें धूल खा रही हैं। जनता परेशान है, लेकिन अफसरशाही का रवैया टस से मस नहीं हो रहा। मनराखन देवांगन ने जनसभा की तैयारी और मिशन संडे की सक्रियता पर भी चर्चा की और कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मिशन संडे की टीम पूरी तरह जुटी है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विप्लव साहू, अरुण भारद्वाज, नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, दिलीप लहरे, रविन्द्र सिंह गहेरवार, अजय देवांगन, पूरन सारथी, भरत चंद्राकर, सूर्यकांत यादव, महेश यादव, भूपेंद्र वर्मा, हरी दर्शन, शेखर दास वैष्णव, राहुल लहरे, गोल्डी लहरे, नेमकुमार देवांगन, ओम साहू, डोमार लोधी, राजा सोलंकी, चंदन वैष्णव, सूहैल खान 'रानू' सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सात दिनों के भीतर बारिश नहीं हुई तो अकाल की प्रबल संभावना

**(राजेश मेश्राम)**



जोंधरा (दावा)। जिले में आषाढ़ बीत चुका है। सावन आने में मात्र सात दिन बाकी है। बावजूद इसके किसानों के खेतो में फसल की बजाय मिट्टियां ही दिखाई दे रही है। पानी के विलंब हो जाने से क्षेत्र के किसानों का कृषि कार्य पूरी तरह पिछड़ चुका है। सात दिनों बाद यानि की सावन में किसान खेतो की बियासी भी कर लेते है, लेकिन इस बार तो खेतो से बराबर अंकुर तक नहीं निकले है। अब से बीस दिन पूर्व क्षेत्र में सिर्फ एक दिन बारिश हुई थी। किसान उसी एक घंटे की बारिश को मानसून की बारिश समझकर धान की बोआई कर दिये थे, लेकिन बोये बीजो में लंबे समय तक पानी नहीं पड़ने से आशंका है कि कि बहुत से बीज खराब हो जाएंगे।

### खरपतवार बढ़ेगी

पानी नहीं आने से खेतो में घास की मात्रा ज्यादा उग जाएगी। जो धान की फसल को कमजोर कर देगी। साथ ही किसानों को इससे आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ेगी। चूंकि बिना घास को साफ किये अच्छी फसल ली ही नहीं जा सकती।

### जल स्त्रोत ज्यों के त्यों

बारिश नहीं होने से ना तो बोर में पानी आ रहा है और न ही अब तक तालाब, कुओं, नालों में पानी एकत्र हो चुका है। साधन सम्पन्न किसान भी मजबूर, बेबस और लाचार नजर आ रहे है। बोर में भी जल स्त्रोत नहीं होने के कारण किसान भी ना रोपाई कर पा रहे है और ना ही लाईचोपी धान लगा पा रहे है।

### किसान भगवान भरोसे

शिवनाथ नदी के पूर्वी भाग में छुरिया विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले 23 ग्राम पंचायतों के 45 गावों में मात्र एक फसलीय उत्पादन ही किया जाता है। खेतो तक पहुंचाने के एिल पानी का कोई साधन किसानों के पास नहीं है। यद्यपि मटिया बांध, छुरिया विकासखण्ड के राणा मटिया पंचायत में स्थित है, लेकिन इसके पानी का कोई लाभ विकासखण्ड के ग्रामीणों को नहीं मिल पाता है।

### एक सप्ताह में बारिश नहीं तो घोर अकाल

गुण्डरदेही निवासी कृषक देवारूराम मालेकर ने प्रतिनिधि को बताया कि सात दिनों के भीतर क्षेत्र में बारिश नहीं हुई तो घोर अकाल की संभावना दिख रही है। यदि बारिश हुई तो कृषि कार्य में तेजी आ जाएगी और किसान व्यस्त हो जाएंगे।

# सड़क सिंघोला से भोथीपार खुर्द पहुंच मार्ग जानलेवा



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंघोला से भोथीपार खुर्द पहुंच मार्ग पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए है। जिसमे जानलेवा गड्ढों के बीच राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है।

राजनांदगांव विधानसभा के विधायक डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में राजनांदगांव विधानसभा में विकास की परचम चारों तरफ लहरा रही है। विकास के कार्य बिना मांगे ही राजनांदगांव विधानसभा को मिलती ही आ रही है, पर इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश पनप रही है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से स्कूली छात्र-छात्राओं, खेती किसानी काम करने वाले मजदूर एवं कृष कार्य से संबंधित कार्य के लिए हजारों लोग इस मार्ग से ही आवाजाही करते हैं। इस सड़क के विषय में ग्राम पंचायत सिंघोला के सरपंच मुकेश कुमार साहू ने शासन से मांग किया है कि इस सड़क का नया निर्माण जल्द से जल्द करने की जरूरत है।

# पहला कॉलम...

## अमेरिका में आज मनाया जायेगा स्वतंत्रता दिवस

नई दिल्ली। 15 अगस्त को भारत में स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत को अंग्रेजों के कब्जे से आजादी मिली थी और इस बात का जश्न देशभर में अलग-अलग तरह से मनाया जाता है। इसी तरह अमेरिका में 4 जुलाई को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है।

अमेरिका के लिए 4 जुलाई का दिन बेहद खास है। यह दिन 1776 की उस ऐतिहासिक घटना की याद दिलाता है जब अमेरिका ने ब्रिटेन से आजादी का एलान किया था। यह सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि अमेरिकी लोगों की आजादी, लोकतांत्रिक मूल्यों और आत्मनिर्भरता की भावना का उत्सव है।

4 जुलाई 1776 को 13 ब्रिटिश कॉलोनियों ने खुद को ब्रिटेन से पूरी तरह से आजाद घोषित किया था। 1776 से पहले अमेरिका के पूर्वी तट पर स्थित 13 कॉलोनी ब्रिटेन के अधीन थे। इन कॉलोनियों की अपनी स्थानीय सरकारें थी, लेकिन अंतिम निर्णय ब्रिटिश संसद और राजा ही लेते थे।

## न्यू जर्सी में एयरपोर्ट पर टेकऑफ के दौरान विमान हादसा, पांच लोग घायल

न्यू जर्सी। न्यू जर्सी में क्रॉस कीज एअरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा हो गया। दरअसल, टेकऑफ के दौरान एक स्वाइडाविंग विमान दुर्घटना का शिकार हो गया, जिसमें 15 लोग सवार थे। घटना बुधवार शाम 5.30 बजे के आसपास हुई थी।



अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय समयनुसार शाम 5.30 बजे क्रीज एअरपोर्ट पर सेसना 208 बी विमान एअरपोर्ट से टेकऑफ कर रहा था, तभी ये हादसा हुआ। यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (स्र) ने फॉक्स न्यूज डिजिटल ने जानकारी दी।

स्र के अनुसार, जो विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है उसका उपयोग स्काइडाइविंग उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था और दुर्घटना के समय विमान में 15 लोग सवार थे। ग्लूसेस्टर काउंटी आपातकालीन प्रबंधन ने इस घटना को बड़ी घटना बताया है।

## वियतनाम में गोल्ड मेडल जीतकर भारत लौटे शिवांश त्यागी का एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

नई दिल्ली। भारतीय एथलीट शिवांश त्यागी और कशिश मलिक ने वियतनाम में देश का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों ने वियतनाम में आयोजित हुए इंटरनेशनल ताइक्कांडो टूर्नामेंट में मेडल हासिल किए। शिवांश त्यागी ने जहां गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, कशिश मलिक ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। शिवांश त्यागी और कशिश मलिक जब मेडल जीतकर भारत लौटे तो दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान उनके फैंस और परिवारवाले भी मौजूद रहे।

पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले त्यागी ने जीत के बाद अपनी खुशी और दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह बहुत खुश हैं। उन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की। लेकिन, वह इससे संतुष्ट नहीं हैं और लगातार मेडल जीतने प्रयास करते रहेंगे। शिवांश की यह उपलब्धि भारतीय ताइक्कांडो में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिताओं में भारत की बढ़ती उपस्थिति को भी दर्शाती है। कशिश मलिक का शानदार प्रदर्शन

अनुभवी ताइक्कांडो एथलीट कशिश मलिक ने भी ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपने स्किल का लोहा मनवाया। साथ ही उनके खाते में एक और महत्वपूर्ण इंटरनेशनल मेडल भी जुड़ गया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने ताइक्कांडो जैसे मुश्किल और चुनौतीपूर्ण खेल में भारत की स्थिति को मजबूत किया, खासकर महिला कैटेगिरी में।

## शेयर बाजार, सेंसेक्स 83,400 स्तर से ऊपर

मुंबई। वैश्विक स्तर पर सकारात्मक संकेतों के बीच गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में आईटी, फार्मा और ऑटो सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। सुबह करीब 9.25 बजे, सेंसेक्स 68.28 अंक या 0.08 प्रतिशत बढ़कर 83,477.97 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 19.30 अंक या 0.08 प्रतिशत बढ़कर 25,472.70 पर पहुंच गया।

विश्लेषकों ने कहा कि वे केवल बुलिश रेक्टेंगल ब्रेकआउट को मजबूत कर रहे हैं और जब तक 25,200-25,270 एरिया सुरक्षित है, तब तक बुल केवल राहत की सांस ले रहे हैं। एक्सिस सिक्योरिटीज के रिसर्च हेड अक्षय चिंचलकर ने कहा, 25,200 स्तर से नीचे, हम 25,000 का जोखिम उठाते हैं। ऊपर की ओर, 25,670 पर हाल ही में आया स्विंग हाई ही बुलिश ट्रिगर है।

उन्होंने कहा, अगले सप्ताह अमेरिकी टैरिफ पर मिली कुछ समय की राहत की समय-सीमा समाप्त होने के साथ, यह देखना दिलचस्प होगा कि वैश्विक स्तर पर मौजूदा आशावाद कायम रहता है या नहीं। आज वीकली डेरिवेटिव एक्सपायरी है, इसलिए सामान्य से अधिक अस्थिरता देखी जा सकती है।

# ओलंपिक 2036 की मेजबानी के लिए भारत ने किया दावा मजबूत, इस शहर में आयोजन करने का रखा प्रस्ताव



नई दिल्ली। ओलंपिक 2036 की मेजबानी को लेकर इन दिनों काफी चर्चा हो रही है। भारत इस वक्त ओलंपिक 2036 की मेजबानी हासिल करने की कोशिश में लगा हुआ है। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार, 1 जुलाई को लुसाने स्थित अंतरराष्टीय ओलंपिक संघ के मुख्यालय का दौरा किया। इसमें भारत के केंद्रीय खेल मंत्रालय के कई सीनियर अधिकारी शामिल थे। उस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पीटी उषा ने किया, जो इस वक्त देश की ओलंपिक संघ की अध्यक्ष हैं।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने वहां अंतरराष्टीय ओलंपिक कमिटी के अधिकारियों के साथ मीटिंग की और उन्हें बताया कि ओलंपिक 2036 का आयोजन वह अहमदाबाद में करवाना चाहते हैं। इस तरह से भारत ने आधिकारिक तौर पर ओलंपिक 2036 के आयोजन की दिशा में एक कदम और आगे आगे ब?ाया है। इस मौके पर आईओसी ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल को समर गेम्स की मेजबानी के लिए उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों के बारे में भी जानकारी दी। एक प्रेस रिलीज के जरिए प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि ये एक महत्वपूर्ण चर्चा थी, जिस दौरान अहमदाबाद में ओलंपिक की मेजबानी करने के बारे में उन्हें बताया गया है।

बता दें 2028 का ओलंपिक लॉस एंजेलिस में और 2032 ओलंपिक की मेजबानी ब्रिसबेन करने वाला है, ऐसे में भारत की नजरें अब 2036 में होने वाले ओलंपिक गेम्स पर है। भारत के साथ, सऊदी अरब, इंडोनेशिया, तुर्की और चिली जैसे देश 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक की मेजबानी की रेस में शामिल हैं। आपको बता दें कि हाल ही में, ढ्ढह्रष्ट ने मेजबान देश के सेलेक्शन प्रोसेस में कुछ बदलाव किए हैं। ऐसे में अब देखना ये होगा कि भारत को 2036 ओलंपिक गेम्स की मेजबानी मिलती है या नहीं।

ओलंपिक कमिटी के अधिकारियों के साथ मीटिंग के बाद भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, %भारतीय धरती पर ओलंपिक न केवल एक यादगार आयोजन होगा, बल्कि इसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों पर भी प्रभाव पड़ेगा।% आपको बता दें कि इससे पहले, भारत ने अक्टूबर 2023 में ढ्ढह्रष्ट को एक लेटर लिख कर ओलंपिक 2036 की मेजबानी की मांग की थी।

# कार एक्सीडेंट में 28 साल के फुटबाल खिलाड़ी की हुई मौत

नई दिल्ली। फुटबॉल क्लब लिवरपूल की तरफ से खेलने वाले 28 साल के फॉरवर्ड खिलाड़ी डिएगो जोटा की तीन जुलाई को एक दर्दनाक कार एक्सीडेंट में मौत हो गई। इस हादसे में डिएगो के भाई की मौत हुई है। बता दें कि 22 जून को डिएगो जोटा की शादी रूथ कारडोसो के साथ हुई थी, जिसे अभी सिर्फ 10 दिन ही हुए थे।



डिएगो जोटा अपने भाई आंद्रे जो एक फुटबॉल खिलाड़ी हैं उनके साथ स्पेन के शहर जमोरा में थे जब ये कार एक्सीडेंट हुआ। स्थानीय समयानुसार एक्सीडेंट वहां पर देर रात 12¬40 के करीब हुआ जब कार अचानक नियंत्रण से बाहर होने के बाद उसमें आग लग गई, जिसके चलते डिएगो और उनके भाई की मौत मौके पर ही हो गई। डिएगो जोटा के छोटे भाई आंद्रे भी एक प्रोफेशनल फुटबॉल खिलाड़ी थे। वह पुर्तगाल की सेकेंड लीग में पेनाफेल का प्रतिनिधित्व किया और दुर्घटना के समय कार में थे। स्पेनिश सिविल गार्ड के एक बयान में यह पता चला कि दोनों भाई एक लेम्बोर्गिनी के अंदर थे और ओवरटेक करते समय कार का टायर फटने के बाद उसमें आग लग गई। जोटा की मौत की खबर सामने आने के बाद उनके कार एक्सीडेंट को लेकर पुर्तगाल फुटबॉल फेडरेशन ने अपने बयान में उसकी पुष्टि की। फेडरेशन के अध्यक्ष पेड्रो प्रोएन्का ने अपने बयान में जानकारी दी कि पुर्तगाली फुटबॉल महासंघ और पूरे पुर्तगाली फुटबॉल फैन आज सुबह स्पेन में डिओगो जोटा और आंद्रे सिल्वा की मौत से पूरी तरह स्तब्ध हैं।

# दुनिया की सबसे पसंदीदा टी20 लीग में से एक की अगले साल होगी वापसी



**2015 में हुई थी बंद; नए नाम के साथ होगा टूर्नामेंट का आयोजन -**

नई दिल्ली। अगले साल से एक नई वैश्विक टी-20 लीग विश्व क्लब चैंपियनशिप की शुरुआत होने जा रही है, जो 2015 में बंद हो चुकी चैंपियंस लीग टी-20 का ही नया और बड़ा रूप होगा।

यह टूर्नामेंट दुनिया की प्रमुख टी-20 लीगों की विजेता टीमों को एक साथ लाएगा, जिसमें आईपीएल, बिग बैश लीग, एसए20, कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) और द हंड्रेड जैसी लीगों की विजेता टीमें हिस्सा लेंगी। इस प्रस्तावित वैश्विक टी-20 टूर्नामेंट बीसीसीआइ, इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और आईसीसी चेयरमैन जय शाह का पूर्ण समर्थन प्राप्त हो चुका है। इस टूर्नामेंट को लेकर योजनाएं तेजी से अंतिम रूप ले रही हैं। ईसीबी के सीईओ रिचर्ड गोल्ड ने पुष्टि की कि इंग्लैंड की ओर से %द हंड्रेड% लीग की चैंपियन टीम इस टूर्नामेंट में भाग लेगी।

इससे साफ है कि अब नए प्रारूपों को भी विश्व मंच पर मान्यता मिल रही है। रिचर्ड गोल्ड ने कहा कि यह बिल्कुल तय है कि भविष्य में महिलाओं के लिए भी विश्व क्लब चैंपियनशिप का आयोजन होगा। हम इसकी दिशा में काम कर रहे हैं।2009 में शुरू हुई चैंपियंस लीग टी-20 में विभिन्न देशों की घरेलू टी-20 चैंपियन टीमें आमने-सामने होती थीं, लेकिन 2015 में इसे बंद कर दिया गया। उस समय मुख्य समस्याएं कम टीआरपी, प्रायोजकों की कमी और आइपीएल टीमों का दबदबा थीं। मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स ने दो-दो बार यह खिताब अपने नाम किया था। हालांकि, अब जब हर प्रमुख क्रिकेट देश के पास अपनी सफल टी-20 लीग है और दर्शकों की भागीदारी अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई है, तो ऐसा माना जा रहा है कि विश्व क्लब चैंपियनशिप का समय बिल्कुल उपयुक्त है।

# भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर उलझन खत्म, 48 घंटों के भीतर होगा बड़ा समझौता!



नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को अगले 48 घंटों में अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। इस डील को लेकर दोनों देशों के बीच वाशिंगटन में बातचीत का दौर जारी है।

भारत के व्यापार प्रतिनिधि समझौते को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेदों को दूर करने के लिए अभी कुछ और दिन वाशिंगटन में रहेंगे। 9 जुलाई से पहले दोनों देश ट्रेड डील करना चाहते हैं, क्योंकि इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति भारत से अमेरिका आने वाले सामानों पर हाई टैरिफ लगाना शुरू कर देंगे।

एनडीटीवी ने सूत्रों के हवाले से कहा कि अमेरिका भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्रों के लिए अधिक बाजार पहुंच के लिए दबाव डाल रहा है। हालांकि, ग्रामीण आजीविका और खाद्य सुरक्षा चिंताओं के कारण नई दिल्ली के लिए यह क्षेत्र लंबे समय से रेड लाइन बना हुआ है। भारत के लिए इस पर समझौता करना बेहद मुश्किल है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट छापी है कि भारत के व्यापार प्रतिनिधि प्रमुख कृषि और डेयरी मुद्दों पर समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका में उगाए गए जेनेटकली मॉडिफाइड या हाइब्रिड मक्का, सोयाबीन, चावल और गेहूं पर भारत के अंदर टैरिफ कम करना अस्वीकार्य है।

बता दें, इसी साल 2 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने %लिबरेश डे% करार देते हुए तमाम देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का एलान किया था। ट्रंप ने अमेरिका में आने वाले सामानों पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी थी।हालांकि, ट्रंप ने फिर व्यापार समझौते पर बातचीत के लिए समय निकालने दिया और टैरिफ को अस्थायी रूप से 10त्न तक कम कर दिया गया था। इस बीच भारत और अमेरिका के बीच बहुत जल्द व्यापार समझौता होगा, इसे लेकर ट्रंप ने भी बात कही थी।

# भारत-घाना के बीच हुए बड़े समझौते, यहां चीन भी कर चुका है निवेश; पीएम मोदी के फैसले से बेचैन ड्रैगन



नई दिल्ली। अफ्रीकी महादेश के सबसे स्थिर देशों में से एक घाना और भारत ना सिर्फ रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ बनाने बल्कि द्विपक्षीय कारोबारी संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूती से अपनाये इस देश को भारत ने खाद्यान्न उत्पादन और वैक्सीन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने में मदद करने का आश्वासन दिया है। जबकि कई तरह के बहुमूल्य धातुओं के अकूत भंडार वाले इस देश भारतीय कंपनियों के साथ मिल कर उनका खनन व शोधन करने को भी तैयार है।

घाना की राजधानी आकरा में पीएम नरेन्द्र मोदी और घाना के राष्ट्रपति डॉ. जॉन महामा के बीच हुई बैठक में उक्त क्षेत्रों में भावी सहयोग की सहमति बनी। पीएम मोदी बुधवार रात्रि को आकरा पहुंचे जहां एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति महामा ने उनका स्वागत किया। बाद में दोनों नेताओं के बीच दो चरणों में बैठक हुई। राष्ट्रपति महामा की अगुवाई में उच्चस्तरीय बैठक में पीएम मोदी ने घाना के जीवंत लोकतंत्र को दूसरे देशों के लिए अनुकरणीय बताते हुए कहा, घाना के राष्ट्र निर्माण में भारत एक सह-यात्री है। हमने तीन अरब डॉलर के द्विपक्षीय कारोबार को पार करते हुए अगले पांच वर्षों में छह अरब डॉलर के कारोबार का लक्ष्य रखा है। भारत यूपीआई का अनुभव घाना के साथ साझा करने को तैयार है। राष्ट्रपति महामा ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनते हुए अफ्रीका का फूड बास्केट बनने की अपनी महत्वाकांक्षा जताई, जिसमें हरसंभव मदद देने का आश्वासन पीएम मोदी ने सहर्ष दिया। घाना के सशस्त्र बलों को प्रशिक्षण, समुद्री डाकुओं से रक्षा करने में आवश्यक प्रशिक्षण व साइबर सुरक्षा में भी भारत मदद देगा। आतंकवाद को लेकर भी दोनों देशों के बीच एक जैसी सोच है। राष्ट्रपति महामा ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। भारत घाना को अपने रक्षा उपकरणों के लिए भी एक अहम बाजार के तौर पर देख रहा है। इस बारे में शीघ्र ही वार्ता की शुरुआत होगी।

## एशिया कप में हिस्सा लेने से पाकिस्तान हॉकी टीम को नहीं रोकेगा भारत

नई दिल्ली । हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। खेल मंत्रालय के सूत्र नेबताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के खिलाफ नहीं हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले कुछ महीनों से चल रहे तनाव के बीच खेल मंत्रालय के सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि वह पाकिस्तान हॉकी टीम को अगले महीने भारत में होने वाले एशिया कप में शामिल होने से नहीं रोकेंगे। खेल मंत्रालय के सूत्र ने गुरुवार को न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से बताया कि वे बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के विरुद्ध नहीं हैं। हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है।

## भारत में खुलेगा मौसम आधारित डेरिवेटिव्स, किसानों को होगा फायदा

नई दिल्ली। नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 26 जून 2025 को एक महत्वपूर्ण समझौता किया। इस समझौते के तहत भारत में पहली बार मौसम आधारित डेरिवेटिव्स की शुरुआत होगी। इस समझौते ने इसकी नींव रख दी है।



मौसम डेरिवेटिव्स किसानों और संबंधित क्षेत्रों को अनियमित बारिश, गर्मी की लहरें और असामान्य मौसम जैसे जोखिमों से बचाने में मदद करेंगे। हृष्टष्ठश्व्ग और ढ्ढरूष्ठ के बीच हुए इस ऐतिहासिक समझौते से सीधे तौर पर किसानों को फायदा होगा।

ढ्ढरूष्ठ के डेटा का उपयोग करके हृष्टष्ठश्व्ग बारिश आधारित डेरिवेटिव प्रोडक्ट बनाया जाएगा। ये डेटा हाई क्वालिटी और सटीक और सटीक हैं। यह सीधे तौर पर वास्तविक परिस्थितियों को दर्शाते हैं। ये मौसम डेरिवेटिव्स मौसम और क्षेत्र के आधार पर अनुबंध तैयार करेंगे, जो कृषि, परिवहन समेत कई उद्योगों में मौसम से जुड़े जोखिमों को कम करने में मदद करेंगे।

**घाना में पीएम मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान....**

नीचे छिपी हुई चीजों के लिए बल्कि आपके दिल में मौजूद गर्मजोशी और ताकत के लिए भी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मुझे दूरदर्शी राजनेता तथा घाना के प्रिय पुत्र डॉ. क्वामे नक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने एक बार कहा था कि हमें एकजुट करने वाली ताकतें हमें अलग रखने वाले आरोपित प्रभावों से कहीं अधिक बड़ी हैं। उनके शब्द हमारी साझा यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत में 2500 राजनीतिक दल हैं। 20 अलग-अलग पार्टियां अलग-अलग राज्यों में सरकार चला रही हैं। यही वजह है कि भारत में आने वाले लोगों को भारत में भव्य स्वागत होता है। घाना में भारत के लोग उसी तरह घुले-मिले हैं जैसे चाय में शक्कर मिली होती है। पीएम ने कहा, जब हम घाना को देखते हैं तो हम एक ऐसे राष्ट्र को देखते हैं जो साहस के साथ खड़ा है। समावेशी प्रगति के प्रति आपकी प्रतिबद्धता ने वास्तव में घाना को पूरे अफ्रीकी महाद्वीप के लिए प्रेरणा का केंद्र बना दिया है। घाना की संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा- भारत और घाना के संबंध काफी मजबूत हैं। भारत-घाना समावेशी विकास की ओर बढ़ रहे हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे लिए लोकतंत्र सिस्टम नहीं संस्कार हैं। घाना में पिछले कुछ वर्षों से काफी तेजी से विकास हुआ है। इस वक्त भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा- दुनिया इस वक्त कई समस्याओं से जूझ रही है, जिसमें आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन इस समय बड़ी समस्याएं हैं। वहीं भारत का लोकतंत्र आशा की किरण बना हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपकी अनुमति से मैं कह सकता हूं कि हमारी दोस्ती घाना के प्रसिद्ध शुगर लोफ अनानास से भी ज्यादा मीठी है। घाना के राष्ट्रपति जॉन महामा के साथ मिलकर हम अपने संबंधों को एक व्यापक साझेदारी तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने कहा कि कितना सुखद संयोग है कि भारत के कई गौरव भरे क्षणों में अफ्रीका जुड़ा हुआ है। जब भारत ने चंद्रमा के साउथ पोल पर लैंड किया तो उस दिन भी मैं अफ्रीका में था और आज जब एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री मानवता के लिए स्पेस स्टेशन में एक्सपेरिमेंट कर रहा है तो भी मैं अफ्रीका में हूं। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। हम पहले से ही वैश्विक विकास में लगभग 16 प्रतिशत योगदान दे रहे हैं। भारत दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम का हब है। हम नवाचार और प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभरे हैं और हमें गर्व से दुनिया की फार्मेसी के रूप में पहचाना जाता है। भारतीय महिलाएं विज्ञान, विमानन और खेल में अग्रणी हैं। भारत चांद पर उतर चुका है। पीएम मोदी ने इस मौके कहा- दुनिया ने कोरोना काल का संकट भी देखा और भारत ने दुनिया के तमाम देशों को वैक्सीन भेजे। हमारा मंत्र सबका साथ-सबका विकास है। लोकतंत्र जितना मजबूत होगा, दुनिया उतनी ही सशक्त बनेगी। घाना एक ऐसा देश है जो साहस के साथ खड़ा है। भारत सबके भले की बात करता है। वैश्विक उठपटक सबके लिए चिंता का कारण है। घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, भारत के लोगों ने शांति, सुरक्षा और विकास में अपना विश्वास जताया है। पिछले वर्ष उन्होंने लगातार तीसरी बार एक ही सरकार को चुना, ऐसा छह दशक से अधिक समय के बाद हुआ। भारत जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। मोदी ने कहा, मैं आपको भारत की नई संसद देखने के लिए आमंत्रित करता हूं। आप देख पाएंगे कि हमने भारतीय संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का साहसिक कदम उठाया है। जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन, महामारी, आतंकवाद और साइबर सुरक्षा जैसे नए और जटिल संकटों का सामना कर रही है। पिछली सदी में बनाए गए संस्थान जवाब देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बदलती परिस्थितियों में वैश्विक शासन में विश्वसनीय और प्रभावी सुधारों की आवश्यकता है। वैश्विक दक्षिण को आवाज दिए बिना प्रगति नहीं हो सकती... हमें गर्व है कि हमारे कार्यकाल के दौरान अफ्रीकी संघ जी-20 का स्थायी सदस्य बन गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**भारत की वैश्विक पहचान :अब....**

अब तक 24 देशों से सर्वोच्च सम्मान मिल चुके हैं, जो किसी भी भारतीय नेता के लिए रिकॉर्ड है। इनमें रूस का 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रूज', यूएई का 'जायद मेडल', फ्रांस का 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर', मालदीव का 'रूल ऑफ इज्जुद्दीन' और नाइजीरिया, साइप्रस, फिजी जैसे देशों के प्रतिष्ठित पुरस्कार शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार से सम्मानित किया था। ये सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत और प्रभाव का परिचायक हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में भारत ने 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को अपनाते हुए वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत किया है। उनकी विदेश यात्राएं नए व्यापारिक अवसर, निवेश और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बनी हैं।

**बादल फटने के बाद 56 लोग अभी.....**

बिजली ट्रांसफार्मर व पेयजल योजनाएं ठप हैं। कुल्लू की बंजार घाटी में फंसे करीब 250 सैलानी सुरक्षित निकाल लिए गए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस मानसून सीजन के दौरान 20 जून से 2 जुलाई तक प्रदेश में आपदा से 63 लोगों की मौत हो चुकी है। 109 लोग घायल हुए हैं और 40 लापता हैं। 13 पक्के व 44 कच्चे मकान भी ध्वस्त हो गए। 179 गोशालाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं। कुल 40,702.43 लाख रुपये का नुकसान हो चुका है। वहीं सड़क हादसों में 26 लोगों की मौत हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य में 9 जुलाई तक भारी बारिश जारी रहने का अलर्ट है। 3,4,8 व 9 जुलाई के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि 5 से 7 जुलाई तक कई भागों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है।

**आधी हो रही है अन्नदाता की जिंदगी....**

ये सिस्टम किसानों को मार रहा है चुपचाप, लेकिन लगातार और मोदी जी अपने ही क्क्रका तमाशा देख रहे हैं. इससे पहले बुधवार को विपक्षी सदस्यों ने राज्य में किसानों की आत्महत्या और सोयाबीन की खेती करने वाले किसानों को बकाया भुगतान न किए जाने के मुद्दे पर महाराष्ट्र विधानसभा से दो बार वॉकआउट किया. कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने विधानसभा में दावा किया कि इस साल जनवरी से मार्च के बीच महाराष्ट्र में 767 किसानों ने आत्महत्या की. उन्होंने कहा कि 200 मामलों को सहायता के लिए अयोग्य घोषित किया गया, जबकि 194 मामलों में जांच लंबित है.

**मनी लॉन्ड्रिंग केस में जैकलीन को....**

दृष्टया मामला पाया है। वकील ने कहा कि संज्ञान आदेश को चुनौती नहीं दी गई। फर्नांडीज ठग सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी हैं और जांच में पूछताछ के लिए ईडी के समक्ष पेश हुई थीं। दिल्ली पुलिस ने चंद्रशेखर पर रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों शिविंदर सिंह और मालविंदर सिंह के जीवनसाथियों से 200 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया था। देश भर में कई मामलों में उनके खिलाफ जांच चल रही है। चंद्रशेखर और उनकी पत्नी लीना पॉलोज को ईडी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्यवाही का सामना करना पड़ रहा है, जिन्हें दिल्ली पुलिस ने अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) लगाया है। लीना पॉलोज और चंद्रशेखर पर आरोप है कि उन्होंने हवाला के रास्ते अपनाए और अपराध से अर्जित धन को ठिकाने लगाने के लिए अन्य आरोपियों के साथ मिलकर फर्जी कंपनियां बनाई।

**टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले दूसरे....**

को पीछे छोड़ दिया है। गिल ने 25 साल 298 दिन की उम्र में यह कारनामा किया है। भारत के लिए टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा कप्तान का रिकॉर्ड एम पटौदी के नाम है जिन्होंने 1964 में दिल्ली में खेले गए मैच में इंग्लैंड के ही खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की थी। पटौदी ने 23 साल 39 दिन की उम्र में कप्तान के तौर पर टेस्ट में दोहरा लगाया था। सचिन ने कप्तान के तौर पर 1999 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में दोहरा शतक लगाया था, उस वक्त उनकी उम्र 26 साल 189 दिन थी। वहीं, कोहली ने 2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 27 साल 260 दिन की उम्र में कप्तान रहते टेस्ट में दोहरा शतक लगाया था। ओवरऑल 11 कप्तानों ने इंग्लैंड में दोहरा शतक लगाया है जिसमें से चार मेजबान टीम के रहे हैं, जबकि सात दौरे पर आई टीम के खिलाड़ियों ने लगाए हैं। इंग्लैंड में कप्तान के तौर पर कम उम्र में दोहरा शतक लगाने के मामले में सिर्फ ग्रीम स्मिथ ही गिल से आगे हैं। स्मिथ ने 2003 में 22 साल 175 दिन की उम्र में ऐसा किया था।

**सीएम साय की बड़ी पहल: रायपुर में....**

के संचालन की व्यवस्था की जाएगी। कुल 23 स्टार्टअप कंपनियों के लिए कार्यालय स्थापित किए जाएंगे, जो तीन वर्षों तक सेंटर में कार्यरत रह सकेंगी। कृषि और फार्मा बायोटेक्नोलॉजी से संबंधित स्टार्टअप को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश पर बायोटेक इंक्युबेशन सेंटर के निर्माण एवं फर्निशिंग कार्य के लिए 20 करोड़ 55 लाख रुपये की द्वितीय पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय की इस पहल से छत्तीसगढ़ जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरेगा। इससे जहां एक ओर शोध और उद्योगों के बीच समन्वय स्थापित होगा, वहीं दूसरी ओर रोजगार और उद्यमिता के नए द्वार खुलेंगे। यह परियोजना न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था और युवाओं के भविष्य को भी नई दिशा देगी।

**एयर डिफेंस प्रणाली, मिसाइलें, बख्तरबंद वाहन.....**

सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की खरीद के लिए एओएन प्रदान किए हैं। मालूम हो कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ हुई सैन्य कार्रवाई के दौरान दुश्मन के जवाबी हमलों को नाकाम करने में स्वदेशी आकाश तथा रूस से हासिल एस-400 की मजबूत एयर डिफेंस प्रणाली ने जहां जबरदस्त भूमिका निभाई थी। वहीं सतह से हवा में और हवा से हवा में मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना के ठिकानों पर सटीक निशाना साधने में सबसे कारगर भूमिकाएं निभाई थी। रक्षा खरीद आपूर्ति के इन प्रस्तावों में मूर्ड माइंस, माइन काउंटर मेजर वेसल्स, सुपर रैपिड गन माउंट और सबमर्सिबल ऑटोनॉमस वेसल्स की खरीद के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है। इन खरीदों से नौसेना और मर्चेंट वेसल्स के लिए संभावित जोखिमों को कम करने में मदद मिलेगी। स्वदेशी डिजाइन और विकास को और बढ़ावा देने के लिए भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित श्रेणी के तहत ही इन खरीदों को मंजूरी मिली है।

# जिले में खेती-किसानी के कार्यों में आई गति



- किसान पितांबर, नलेश्वर एवं शंकर ने पर्याप्त खाद मिलने पर खुशी जाहिर की
- किसानों में शासन की योजनाओं से हर्ष व्याप्त
- कृषक उन्नति योजना का दायरा बढ़ाते हुए धान की फसल के साथ ही अब दलहन-तिलहन और मक्का की फसल लगाने वाले किसानों को भी मिलेगा लाभ

राजनांदगांव (दावा)। जिले में खेती-किसानी के कार्यों में गति आयी है और किसान सहकारी समितियों के माध्यम से खाद-बीज की खरीदी कर रहे है। खेती के लिए किसानों में उत्साह है एवं खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता से उनमें खुशी हैं। खेतों में ट्रेक्टर से जोताई कार्य एवं रोपा लगाने का कार्य तथा अन्य किसानी कार्य तेजी से चल रहा है। किसानों में शासन की योजनाओं से हर्ष व्याप्त है। सरकार द्वारा धान के साथ ही कृषक उन्नति योजना का दायरा बढ़ाते हुए धान की फसल के साथ ही अब दलहन-तिलहन और मक्का की फसल लगाने वाले किसानों को भी लाभ मिलेगा।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव में खाद खरीदने पहुंचे ग्राम बागतराई के किसान पितांबर वर्मा ने बताया कि उनके पास 14 एकड़ जमीन है और आज उन्होंने 60 बोरी पोटाश, 4 बोरी यूरिया रासायनिक खाद खरीदा है। जिले में खेती-किसानी के लिए पर्याप्त खाद मिल रहा है। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 72 हजार रूपए का ऋण शून्य दर पर लिए है। जिसका उपयोग खेती-किसानी के लिए करेंगे। उन्होंने शासन की कृषक उन्नति योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार किसानों को धान का अच्छा मूल्य दे रही है। किसानों से कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है, जो सराहनीय है। सरकार किसानों के हित में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को तहेदिल से धन्यवाद दिया। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम डिलापहरी के किसान नलेश्वर वर्मा ने कहा कि आज उन्होंने दो बोरी यूरिया एवं एक बोरी पोटाश खरीदा है। समितियों में खाद-बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वहीं किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 40 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई है, जिसका उपयोग खेती कार्य में करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हित में अच्छा कार्य कर रही है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम ढाबा के किसान शंकर साहू ने 4 बोरी यूरिया, 4 बोरी पोटास, 2 बोरी पोटाश खरीदा है।

## तहसील कार्यालय का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार

भिलाई। जिला दुर्ग में तहसील कार्यालय बोरी का बाबू रिश्वत लेते गिरफ्तार हो गया है। किसान झनेन्द्र कुमार, निवासी टेकापार, जिला-दुर्ग द्वारा एन्टी करप्शन ब्यूरो, रायपुर में शिकायत की गई थी कि उनके द्वारा ग्राम टेकापारा में जमीन खरीदी गई है, जिसके नामांतरण के लिये तहसील कार्यालय बोरी, जिला-दुर्ग के बाबू वीरेन्द्र तुरकाने से संपर्क करने पर उनके द्वारा 04 जमीन के नामांतरण के लिये प्रति जमीन 5,000 रूपये के हिसाब से 20,000 रूपये रिश्वत की मांग की गई है।

प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन दौरान मोलभाव करने पर आरोपी द्वारा 17,500 रुपए लेने पर सहमत हुआ।

## पंजाब नेशनल बैंक बालोद में उपप्रबंधक पदस्थ कामतूराम ठाकुर के सेवानिवृत्ति होने पर उन्हें दी गई विदाई



अधिकारी-कर्मचारियों ने कार्यों एवं व्यवहार की सराहना की

बालोद (दावा)। जिला मुख्यालय बालोद के रामदेव चैक स्थित पंजाब नेशनल बैंक में पदस्थ उप प्रबंधक कामतूराम ठाकुर के आज 60 वर्ष की आयु पूरा करने के उपरांत सेवानिवृत्त होने पर उन्हें बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा भावभिनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्री ठाकुर के सहज, सरल, सौम्य एवं मधुर व्यवहार के अलावा उनके बेहतर कार्य की सराहना करते हुए सेवानिवृत्त होने पर उन्हें शुभकामनाएं दी है। बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके कार्यों एवं व्यवहार की सराहना करते हुए कहा कि कामतू ठाकुर के एक संवेदनशील एवं बेहतरीन इंसान होने के साथ-साथ एक दक्ष, कार्य के प्रति समर्पित, समय के पाबंद एवं बहुत ही कुशल अधिकारी रहे हैं। श्री ठाकुर शासकीय सेवा में जहां भी पदस्थ रहे अपने उत्कृष्ट कार्य एवं व्यवहार से सभी लोगों के दिल में अपना विशिष्ट पहचान कायम रखने में सफल हुए हैं। इस अवसर पर सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कामतू ठाकुर के उज्ज्वल, यशस्वी, दीर्घायु एवं सफल, सुखद जीवन की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है कि श्री कामतू राम ठाकुर बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम गैंजी के मूल निवासी है। उन्होंने बहुत गरीबी एवं घोर विपरित परिस्थितियों का सामना करते हुए शासकीय सेवा में चयनित होकर आज वे इस मुकाम पर पहुंचे हैं। विदाई समारोह के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, बालोद जिले के जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, हल्बा समाज के जिला अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं कामतू राम ठाकुर की धर्मपत्नी और उसके परिजन उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का 28वाँ आमसभा एवं सामाजिक सम्मेलन संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का 28वाँ आमसभा एवं सामाजिक सम्मेलन रविवार को रायगढ़ में आयोजित हुआ। जिसमें राजनांदगांव महानगर इकाई से अध्यक्ष गरीबाराम यादव, उपाध्यक्ष अमन यादव एवं संतोष यादव, प्रमुख सलाहकार कोषाध्यक्ष राजेश यादव, महामंत्री कृष्णा यादव शामिल हुए।

प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव के मार्गदर्शन में जिला इकाई रायगढ़ जांजगीर-चांपा एवं सक्ति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक सम्मेलन तथा समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्र एवं स्वजातीयजनों का सम्मान किया गया। उक्त सामाजिक सम्मेलन में रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया सांसद, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं विधायक उमेश पटेल, रायगढ़ नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान ने अपनी गर्मी में उपस्थिति दी। उक्त लैलूंगा विधायक श्रीमती विद्यावती सिद्धार्थ उपस्थित थी। सामाजिक सम्मेलन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए स्वजातीय जन शामिल हुए। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवकुमार प्रसाद यादव द्वारा किया गया।

## स्कूल वैन पलटने से 16 बच्चे घायल



सूरजपुर. बच्चों से भरी स्कूल वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई. इस हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई. पूरा मामला प्रेमनगर थाना क्षेत्र का है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. मिली जानकारी के अनुसार स्कूल वैन ब्रह्मपुर से बच्चों को लेकर वृंदावन जा रही थी. इस दौरान फुलकोना के पास अनियंत्रित होकर स्कूल वैन खेत में जाकर पलट गई. इस वैन में कंचनपुर स्थित निजी स्कूल के 14 से 15 बच्चे सवार थे. सभी बच्चे सुरक्षित बताए जा रहे हैं. पुलिस घटना की जांच में जुटी है.

## दिशा समिति की बैठक संपन्न, विकास योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावशीलता पर हुआ मंथन



जन-जन तक पहुंचे योजनाओं का लाभ- सांसद संतोष पाण्डेय

खैरागढ़ (दावा)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने की। इस बैठक का उद्देश्य जिले में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना, उनकी पारदर्शिता सुनिश्चित करना और आमजन तक योजनाओं के लाभ की वास्तविक पहुँच तय करना था। बैठक की शुरुआत जिले के लिए निर्मित लोगो और थीम सॉंग के विमोचन से हुई, जिसे सांसद द्वारा सराहना मिली और उन्होंने इसे जिले की पहचान और जनभागीदारी का प्रतीक बताया।

सांसद संतोष पाण्डेय ने बैठक के दौरान अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे केवल योजनाओं की जानकारी देने तक सीमित न रहें, बल्कि पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने में व्यक्तिगत रुचि लें।

बैठक में खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार, नगर पालिका अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, भगवत शरण सिंह, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत, जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल सहित सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### 0 आंगनबाड़ी केंद्रों की ली जानकारी

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए जिले में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी ली। सदस्यों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में दर्ज संख्या से अधिक की राशि आहरित की शिकायत पर सांसद द्वारा जांच कराने का आश्वासन दिए। वहीं मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम कोसमर्रा में भूजल संरक्षण के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी गई, जहां कुल 2250 गड्ढों का निर्माण किया गया है। कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, स्वाइल हेल्थ कार्ड सहित अन्य योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत की गई। जिले में 72 हजार किसान इस योजना में पंजीकृत हैं और किसानों को आगामी दूसरी किस्त की राशि शीघ्र ही जारी की जाएगी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई सहित विकासमूलक कार्यों में विशेष जोर देते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के लिए कहा।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग अब तक 82 प्रतिशत नागरिकों के आयुष्मान भारत कार्ड बन चुके हैं और हाल ही में जिले में 22 नए चिकित्सकों की नियुक्ति आदेश आया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुदृढ़ता आएगी। विद्युत आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने के लिए जरूरत के अनुसार ट्रांसफॉर्मरों की स्थापना की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि कुल लक्ष्य 37135 आवासों में से 34 हजार 189 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से लगभग 21 हज़ार आवास पूर्ण हो चुके हैं। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत 339 आवासों का निर्माण कार्य भी पूरा हो चुका है।

## कृषि विकास की दिशा में अहम पहल : कृषि स्थायी समिति की पहली बैठक सम्पन्न



खैरागढ़ (दावा)। जिला गठन के उपरांत खैरागढ़ जिला पंचायत की कृषि स्थायी समिति की पहली बैठक सोमवार 30 जून को जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति दिनेश वर्मा ने की। बैठक में समिति सदस्य भुनेश्वरी देवांगन सहित अन्य सदस्य प्रतिनिधिगण तथा कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में वर्ष 2024-25 के दौरान कृषि एवं संवर्गीय विभागों द्वारा योजनांतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और वर्ष 2025-26 के लक्ष्यों के अनुरूप प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा हुई। समिति द्वारा प्रस्तुत समस्त प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

बैठक में किसानों को उन्नत बीज और आदान सामग्री सुलभ कराने, सेवा सहकारी समितियों में यूरिया और एनपीके खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, नकली और कालाबाजारी करने वाले कृषि केंद्र संचालकों पर सख्त कार्यवाही करने तथा उद्यानिकी विभाग की योजनाओं से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया।

## वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश



राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 28 एवं 29 जून को 'नई सोच सामाजिक संस्था ग्राम गिधवा द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह आयोजन इस ग्रुप में शामिल सदस्य जो अपने बच्चों के जन्मदिन या अपने विवाह के वर्षगांठ पर या किसी खाश प्रयोजन को यादगार बनाने के लिए इस वर्ष के वृक्षारोपण पर सहयोग राशि प्रदाय किये हैं, जो हमारे गांव गिधवा से बहुत दूर (बैंगलौर, इंदौर, उड़ीसा) होते हुए भी गांव के प्रति लगाव उस धनराशि से ग्राम गिधवा स्थित शीतला मंदिर तालाब के किनारे, मुक्तिधाम परिसर खेल मैदान एवं गौठान क्षेत्र के आसपास संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 55 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया।

इनमें बरगद, पीपल, बादाम, गुलमोहर एवं बेल जैसे पौधे प्रमुख रूप से शामिल रहे। इन पौधों का चयन इस उद्देश्य से किया गया कि वे न केवल ग्राम की हरियाली बढ़ाएं, बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने और भविष्य में फल व छाया प्रदान करने में भी सहायक सिद्ध हों।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों के साथ-साथ ग्राम के नागरिकों, युवाओं एवं बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने मिलकर श्रमदान किया और रोपित पौधों की सुरक्षा व देखरेख की जिम्मेदारी स्वयं ली। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित सदस्यों में बालाराम साहू, नरेश साहू, पुकेन्द्र साहू, भोंदू साहू, यालसिंग वर्मा, राजकुमार साहू, लक्ष्मी नारायण, विपिन मूढ़ेल, मुन्ना सेन, पेमुराम साहू, हार्दिक साहू, लीलाधर साहू, थानसिंग साहू, नीलेश्वर साहू, केतन साहू, सुधीर, धनंजय साहू, लेमन, भरत, मिथलेश, ओमप्रकाश, मोटू, तुषार, मोनू, गुलशन, धर्मेंद्र, डिलेश्वर, बालेश्वर, वंश, चिरंजीव, शिवम आदि लोग उपस्थित थे।

## रामनगर एवं दीवान पारा में सीमेंट कांक्रिटींग रोड और नाली निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा वार्डो में विकास कार्य कराने की कडी में आज वार्ड नं. 7 के रामनगर में तथा वार्ड नं. 24 के दीवान पारा में अधोसंरचना मद अंतर्गत 10-10 लाख रूपए की लागत से सीमेंट कांक्रिटींग रोड एवं नाली निर्माण के लिए दोनों वार्ड में अलग-अलग आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने पूजा-अर्चना कर विधिवत भूमिपूजन किया।

वार्ड नं. 24 में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य शैंकी बग्गा, राजस्व विभाग के प्रभारी सदस्य राजा माखीजा, पार्षद रवि सिन्हा, पूर्व पार्षद विजय राय तथा सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ सिंह राजपूत व शिवम यादव तथा वार्ड नं. 7 में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद सुश्री तृप्ती पात्रे, समाजसेवी सुमीत भाटिया, श्रीमती शांति पात्रे विशेष रूप से उपस्थित थे। भूमिपूजन अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि वार्डो में विकास कार्य कराने विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पाण्डे की अनुशंसा पर शासन द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्डो के लिए राशि स्वीकृत किए है। जिससे पार्षदों की सहमति से विकास कार्य कराए जा रहे है। इसी कड़ी में आज रामनगर एवं दीवान पारा में सीमेंट रोड एवं नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। उक्त कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा, ताकि वार्डवासियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार के विकास कार्य पार्षद की अनुशंसा से प्राथमिकता तय कर वार्डो में कराया जाएगा। दीवान पारा में भूमिपूजन के पूर्व मुन्ना लाल केमे, अशोक यादव, लता घोषाल, प्रीति शर्मा ने महापौर सहित पार्षदों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

## एक साइकिल, एक सपना और अखंड भारत का गांव-गांव संदेशवाहक यश सोनी



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी की धरती में एक ऐसा प्रेरणास्त्रोत युवा जन्मा है, जिसने समाजसेवा को अपना धर्म बना लिया है- यश सोनी। आज जब लोग बड़े-बड़े संसाधनों के बिना कुछ न कर पाने की बात करते हैं, वहीं यश सोनी एक साइकिल के सहारे गांव-गांव जाकर समाज को बदलने एवं पुरानी पद्धति को साथ लिए हुए एक अलग ही दिशा की ओर बढ़ चुका है।

### स्वच्छता से लेकर वृक्षारोपण तक प्रकृति के सच्चे सेवक

यश सोनी का प्रमुख उद्देश्य है, स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत। गांवों में जाकर वे लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझाते हैं। उनका कहना है, बरसात से पहले सड़क, नाली, तालाब साफ कर लिए जाएं तो गंदगी नहीं फैलेगी और जल संचयन भी अच्छा होगा। पिछले वर्ष उन्होंने अकेले 11,000 पेड़ लगाकर एक मिसाल कायम की, जिनमें से 8,000 पेड़ आज भी जीवित हैं। इस वर्ष उनका लक्ष्य है 50,000 पेड़ लगाना। वन विभाग के सहयोग एवं तालमेल के साथ यश स्वयं गड्ढा खोदकर लोगों को जिम्मेदारी सौंपते हैं ताकि सिर्फ पौधा नहीं, एक सोच बोई जाए।

गांव-गांव में शांति और समझौते का संदेश साइकिलिस्ट यश सोनी का एक और विशेष अभियान है विवाद मुक्त गांव। घर-घर जाकर वे पति-पत्नी, परिवारों में हो रहे मतभेदों को सुलझाने में मदद करते हैं। उनका सीधा संदेश है। समस्या का हल बाहर नहीं, चार दीवारी के भीतर है।

बस एक-दूसरे को सुनिए और समझने की कोशिश कीजिए इस धरती पर मूकबधिर जीव जंतु से लेकर हम इंसानों तक सभी को स्वतंत्रता से जीने रहने का अधिकार है प्रत्येक जीव जंतु व नागरिक मूल्यवान है हमें एक दूसरे को समझना है और सम्मान देना है।

### महिलाओं में नशा मुक्ति, एक सामाजिक क्रांति

यश सोनी का मानना है कि यदि महिलाएं गुड़ाखू व मंजन शराब, गुटका पान मसाला जैसे जहर से घटक नशीले पदार्थों को त्याग दें, तो वे सच्चे अर्थों में देश की लक्ष्मी कहलाएंगी। उनका ये संदेश गांव की महिलाओं में जागरूकता फैला रहा है और अनेक परिवार अब इस दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं।

### लोगों के दिलों में यश, गांव के भगवान व क्रांतिकारी जवान बेटे

यश सोनी की लोकप्रियता इतनी है कि गांव में सूचना मिलते ही या फिर उनके गांव में पहुंचने से पहले ही लोग इकट्ठा हो जाते हैं। कई जगह उन्हें सादगी से बोरेबासी परोसा जाता है और वे उसे प्रेम से स्वीकारते हैं। अब गांव वाले उन्हें अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। सुख का तो पता नहीं लेकिन दुख की घड़ी में सूचना मिलते ही सारा काम छोड़कर श्री सोनी गांव वालों के लिए मौजूद हो जाते हैं।

### सिस्टम से नहीं, संकल्प से जुड़ा बदलाव

आज भी यश सोनी को शासन से कोई आर्थिक सहयोग नहीं मिल पा रहा है, लेकिन पुलिस प्रशासन का पूर्ण समर्थन उन्हें प्राप्त है। बावजूद इसके, वे बिना रुके अपने मिशन में जुटे हुए हैं, 'अकेला चल पड़ा हूं, और अकेला ही काफी हूं' लेकिन भरोसा है कि कारवां बन जाएगा।

## भारतमाला घोटालों में दोषी 4 तहसीलदारों के तबादले

रायपुर। जिला रायपुर में पदस्थ भारतमाला घोटालों में शामिल 4 तहसीलदारों को हटाया गया है, वहीं 9 राजस्व कर्मियों के तबादले किए ग हैं। सामान्य प्रशासन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ श्रेणी के वेतनमान पर नए तहसीलदारों का पदस्थापना की गई है। जिसके अंतर्गत ज्योति मसियारे तहसीलदार तिल्दा को आरंग, सीता शुक्ला को तहसीलदार अभनपुर, राम प्रसाद बघेल को अभनपुर से तिल्दा, विक्रांत सिंह राठौर नायाब तहसीलदार से तहसीलदार आरंग से नवापारा, राजकुमार साहू तहसीलदार गोबरा नवापारा से भू-अभिलेख शाखा रायपुर, सृजन सोनकर तहसीलदार गोबरा नवापारा से खोरपा, प्रकाश सोनी अतिरिक्त तहसीलदार खोरपा से रायपुर, सूर्यकांत कुम्भकार अधिक्षक भू-अभिलेख रायपुर से अतिरिक्त तहसीलदार खरोरा, लवन कुमार मंडल को भी भू-अभिलेख रायपुर से गोबरा नवापारा नायब तहसीलदार बनाया गया है। रायपुर कलेक्टर ने इनके तबादले घोटालों में संलग्न होने के कारण किए हैं।

## खैरागढ़ महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का डिजिटल भुगतान



खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। इस हेतु छात्र-छात्राओं के प्रवेश शुल्क के लिए डिजिटल माध्यम से भुगतान की व्यवस्था की गई है। प्रवेश शुल्क के नगद भुगतान के स्थान पर डिजिटल पेमेंट को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। इसके तहत 5 जून से 15 जून तक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के पोर्टल से विद्यार्थियों ने ऑनलाइन फॉर्म भरा था। 16 जून को मेरिट लिस्ट का प्रकाशन हुआ। मेरिट में आए विद्यार्थियों के लिए प्रवेश की अवधि 16 जून से 20 जून थी।

द्वितीय चरण की प्रक्रिया भी अब आरंभ हो चुकी है। ऑनलाइन पोर्टल में आवेदन करने की तिथि 21 से 30 जून तक है। द्वितीय मेरिट सूची का प्रकाशन 1 जुलाई को हो गया है। मेरिट सूची के विद्यार्थी 1 से 7 जुलाई तक महाविद्यालय में प्रवेश ले सकेंगे। विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए में 10वीं, 12वीं की अंकसूची की छायाप्रति, स्थानांतरण प्रमाण-पत्र और चरित्र प्रमाण-पत्र की मूलप्रति, स्थाई जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, एबीसी आईडी, आधार कार्ड की छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा। छत्तीसगढ़ के बाहर के विद्यार्थियों के लिए पात्रता प्रमाण-पत्र और माइग्रेशन सर्टिफिकेट लाना अनिवार्य होगा। जिन विद्यार्थियों ने 2025 से पूर्व 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनके लिए नोटरी द्वारा सत्यापित गैप सर्टिफिकेट लगाना होगा। असुविधा से बचने के किए इन दस्तावेजों के साथ महाविद्यालय अवश्य पहुंचे। इस बार प्रवेश शुल्क का भुगतान ऑनलाइन हो रहा है, इसलिए विद्यार्थी अपने साथ मोबाइल लेकर अवश्य पहुंचे। महाविद्यालय में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु हेल्प डेस्क का एक गठन भी किया गया है। तृतीय चरण की प्रक्रिया 8 जुलाई से आरम्भ होगी।

### आबकारी आरक्षक परीक्षा में गड़बड़ी पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल का कड़ा रुख :

# व्यापमं अध्यक्ष को पत्र, कहा- युवाओं के भविष्य से नहीं होने देंगे कोई खिलवाड़



रायपुर। छत्तीसगढ़ में आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 को लेकर सामने आई तकनीकी गड़बड़ी पर रायपुर सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने इस संबंध में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) की अध्यक्ष रेणु पिल्लई को पत्र लिखकर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है।

**तकनीकी त्रुटियों ने बिगाड़ा युवाओं का भविष्य**

बता दें कि यह मामला उस समय उभरा जब 4 जून से 27 जून के बीच आयोजित ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में कई अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय-सीमा में सफलतापूर्वक परीक्षा शुल्क का भुगतान तो कर दिया, लेकिन व्यापम की तकनीकी विफलता (सर्वर एरर) के कारण वे फॉर्म अंतिम रूप से सबमिट नहीं कर पाए। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि व्यापम कार्यालय इन अभ्यर्थियों की शिकायतों को नज़रअंदाज़ कर रहा है और अब तक न तो उन्हें समाधान मिला है और न ही कोई आधिकारिक जवाब।

**सांसद को दी गई शिकायत, मिले आश्वासन**

तकनीकी समस्याओं से परेशान अभ्यर्थियों ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल से संपर्क कर अपनी आपबीती साझा की। जिस पर सांसद अग्रवाल ने इसे सुशासन तिहार और नागरिक-हितकारी शासन की मूल भावना के खिलाफ करार दिया। उन्होंने व्यापम अध्यक्ष को पत्र में लिखा है कि, जो अभ्यर्थी समय पर फीस जमा कर चुके हैं, उन्हें परीक्षा से वंचित करना पूरी तरह से अन्यायपूर्ण होगा। उन्होंने सुझाव दिया है कि इन अभ्यर्थियों को एक या दो दिन का अतिरिक्त समय देकर फॉर्म को ऑफलाइन या ऑनलाइन भरने का अवसर प्रदान किया जाए।

**सांसद अग्रवाल का स्पष्ट निर्देश : कोई भी पात्र अभ्यर्थी न हो वंचित**

सांसद अग्रवाल ने व्यापम को सख्त शब्दों में यह भी निर्देशित किया है कि 'एक भी पात्र अभ्यर्थी को परीक्षा से बाहर न किया जाए।' इसके साथ ही उन्होंने सात दिनों के भीतर इस पूरे मामले में पूर्ण विवरण सहित रिपोर्ट भेजने की मांग की है। सांसद अग्रवाल ने दोहराया कि बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार और प्रशासन को याद दिलाया कि यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि योग्य युवाओं के साथ अन्याय न हो। उन्होंने उम्मीद जताई कि व्यापमं इस विषय पर संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित कार्रवाई करेगा। यह प्रकरण छत्तीसगढ़ में परीक्षाओं की पारदर्शिता और तकनीकी व्यवस्थाओं की गंभीरता पर एक बार फिर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि व्यापमं इस शिकायत पर कितना गंभीरता से अमल करता है और पीड़ित युवाओं को कितना न्याय मिल पाता है।

# डोंगरगांव के बड़े नेता के संरक्षण में उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता की दबंगई

### टेंडर को लेकर विवाद गहराया, कलेक्टर से हुई शिकायत



डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत डोंगरगांव में टेंडर प्रक्रिया को लेकर बुधवार को एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) विनम्र जेमा के बीच नगर पंचायत कार्यालय में जमकर बहस हुई और यह विवाद गहरा गया। इस दौरान कांग्रेसी पार्षद सद्दाम खत्री भी रोहित गुप्ता के साथ मौजूद थे। एक तरफ उपाध्यक्ष के द्वारा निकाय के राजस्व में बढ़ोत्तरी को लेकर सवाल-जवाब करना बता रहे हैं। वहीं सीएमओ सहित नगर पंचायत के समस्त कर्मचारियों के द्वारा कलेक्टर को शिकायत पत्र दिया गया है। जिसमें उपाध्यक्ष द्वारा कर्मचारियों के साथ अभद्र व अमानवीय व्यवहार तथा कार्य को बाधित करने की बात कही गई है।

बता दें कि रोहित गुप्ता को भाजपा द्वारा अनुशासनहीनता के चलते 6 वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है। बावजूद इसके वे खुद को नगर पंचायत का वास्तविक चेहरा बताकर लगातार प्रशासनिक कार्यों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और अधिकारियों को अपने इशारे पर चलाने का प्रयासरत हैं।

इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने पर सीएमओ विनम्र जेमा ने बताया कि उपाध्यक्ष श्री गुप्ता टेंडर प्रक्रिया को लेकर आक्रोशित थे और वार्ड 11 के पार्षद सद्दाम के साथ मेरे चेंबर में घुसकर वहां मौजूद कर्मचारियों को बाहर जाने कहा गया। वहीं चपरासी को भी उनके द्वारा धमकाया गया कि कोई भी केबिन के अंदर न आये। जिसके बाद टेंडर प्रक्रिया की बात को लेकर तनातनी हुई और श्री गुप्ता द्वारा गुस्से में आकर केबिन में रखे फाईलों को फेंक दिया गया। मामले को बढ़ता देख सीएमओ ने निकाय के कर्मचारियों को आवाज देकर बुलाया और फेंकी गई फाईलों का फोटो खींचने कहा गया। जिस पर श्री गुप्ता के द्वारा पुनः धमकाया गया। इसके साथ ही निकाय के अन्य कर्मचारियों के साथ भी इनके द्वारा लगातार अभद्र और गुस्से में अमानवीय व्यवहार किया जाता है। जिससे निकाय के कर्मचारी भयभीत हैं। इस मामले को लेकर निकाय के कर्मचारियों सहित मैने हस्ताक्षरित शिकायत आवेदन पत्र कलेक्टर को देते हुए श्री गुप्ता के विरूद्ध उचित विधिक कार्यवाही करने का निवेदन किया है।

वहीं इस पूरे मामले में उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि बुधवार दोपहर को कांग्रेसी पार्षद सद्दाम खत्री के साथ निविदा प्रक्रिया के संबंध में सीएमओ से जानकारी लेने पहुंचे थे। जिसका प्रयास विगत दो दिनों से किया जा रहा था। उन्हें कई संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन सीएमओ श्री जेमा के द्वारा लगातार बात को टालता गया। जिसके बाद बुधवार को उनके केबिन में चर्चा के लिए बात प्रारंभ किया गया था, लेकिन इस दौरान भी उन्होंने इस विषय को लेकर कोई प्रतिउत्तर नहीं दिया और टेंडर प्रक्रिया मैने नियमानुसार कर लिया है कहते हुए आपको जो करना है आप कर लीजिए जैसे बातों से टालने वाली शब्दों का प्रयोग किया गया। मेरे द्वारा उन्हें सभी ठेकेदारों को फार्म देने कहा गया। क्योंकि निविदा में अधिक ठेकेदारों के शामिल होने से प्रतिद्धंदिता बढ़ेगी और निकाय को राजस्व का लाभ होगा, लेकिन उन्होंने इस विषय को गंभीरता से नहीं लिया और आक्रोशित होकर स्वयं टेबल में रखी फाईलों को फेंककर कर्मचारियों को अंदर बुलवा लिया। इस विवाद के बाद विरोध स्वरूप मेरे द्वारा उपाध्यक्ष चेंबर में रखे मेरी सीट को सीएमओ को लाकर सौंप दिया गया।

नगर पंचायत कार्यालय में इस पूरे घटनाक्रम की धमक पूरे जिले में है और निकाय में अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के बीच वर्चस्व की लड़ाई जगजाहिर हो गया है। विश्वस्त सूत्रों का दावा है कि रोहित गुप्ता को डोंगरगांव के एक बड़े और प्रभावशाली नेता का संरक्षण प्राप्त है। जिसकी वजह से वे किसी कार्रवाई से बेखौफ हैं। इसी राजनीतिक संरक्षण के चलते वे आए दिन कर्मचारियों और अधिकारियों पर दबाव बनाते रहते हैं। यह घटना प्रशासनिक शिष्टाचार और अनुशासन की दृष्टि से अत्यंत गंभीर मानी जा रही है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और शासन इस मामले में क्या कदम उठाता है। हालॉकि इस घटना के बाद अधिकारी-कर्मचारियों की एकजुटता दिख रही है और अपुष्ट खबर के अनुसार मामले की एफआईआर की तैयारी भी की जा रही है।

# कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए - आज आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम

### सही दिशा में मार्गदर्शन युवाओं के कौशल और क्षमताओं को विकसित करने के साथ ही देता है आत्मविश्वास



**यू-ट्यूब पर होगा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण**

राजनांदगांव (दावा)। युवाओं को अपने भविष्य को संवारने एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मदद तथा सही मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। सही वक्त में युवाओं को बेहतर लक्ष्य प्राप्त करने में मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन करता है, उनके कौशल और क्षमताओं को विकसित करने में मदद करता है तथा उन्हें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में भारतीय लोक सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के अध्ययन स्तर, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं तैयारी के लिए युवाओं को लाभान्वित करने हेतु कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन 4 जुलाई को सुबह 11.30 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में किया गया है। कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 में चयनित आकाश गर्ग, आदित्य विक्रम, सुश्री पूर्वा अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, अंकित धवानी द्वारा जिले के युवाओं को लक्ष्य हासिल करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कठिन नहीं, सही मार्गदर्शन चाहिए-आईएएस टॉपर्स से मिलिए कार्यक्रम के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 में चयनित अभ्यर्थियों द्वारा 4 जुलाई को सुबह 11.30 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में विद्यार्थियों एवं युवाओं को आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए विद्यार्थी एवं युवा https://shorturl.at/WNFL® लिंक के माध्यम से ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। कार्यक्रम का यू-ट्यूब के माध्यम से सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम से https://www.youtube.com/live/rinzsw{BXII?feature=shared लिंक के माध्यम से जुड़ सकते है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं एवं विद्यालयों व महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की है।

# महापौर यादव व एसपी गर्ग ने दिव्यांग बच्चों का बढ़ाया उत्साह



**सेवाभावी संस्था लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी का आयोजन**

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सेवाभावी संस्था लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी थीम सेवा की राह में 2025-26 के कदम आगे बढ़ाते हुए व समेकित क्षेत्रीय केंद्र दिव्यांगजन सशक्तिकरण (निपिड़) सिकंदराबाद सामाजिक न्याय एवं आधिकारिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित ठाकुरटोला स्थित सीआरसी के दिव्यांग बच्चों को मोटिवेशनल पिक्चर 'तारे जमीन पर' दिखाया गया, जिसमें 100 बच्चों एवं उनके परिजनों को लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा सिल्वर स्क्रीन बसंतपुर रोड स्थित गंज मंडी थियेटर पर पिक्चर का आनंद लिया गया।

कार्यक्रम को लेकर लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के आशीर्वादक पद्मश्री लायन पुखराज बाफना के मार्गदर्शन पर अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने बताया कि संस्था द्वारा समय-समय पर ऐसे सामाजिक कार्यक्रम कराए जाते रहते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रथम नागरिक महापौर मधुसूदन यादव, लायन अशोक चौधरी, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, सीआरसी के डायरेक्टर स्मृति महोबिया, एसडीएम खेमलाल वर्मा, लायंस क्लब राजनंदगांव सिटी के अध्यक्ष लायन अमित खंडेलवाल, पीएमजेएफ लायन बृजकिशोर सुरजन, सचिव लायन मयंक शर्मा, जोन चेयर पर्सन लायन शारदा तिवारी, निगम चेयरमेन लायन राजा मखीजा, द्वारा दिव्यांग बच्चों को साफा पहनाकर एवं तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात चाय, बिस्कुट, स्वल्पाहार कराकर थिएटर में प्रवेश कराया गया। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा कार्यक्रम में सहयोगात्मक रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर लायन संजय तेजवानी, दुष्यंत दास, भावेश अग्रवाल, रेखा साहू, नेहा गुप्ता संजय रिजवानी, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा, राजेश डागा, हेमंत तिवारी आस्था, अवंत अग्रवाल, सीआरसी से चुनमुन मोहंती, फरीदा बेगम, राहुल कुमार, विवेक कुमार, रोशनी मैडम के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व मीडिया के लोग भी उपस्थित रहे।

# प्रतिबंधित वस्तु बेचने वाले 18 पान ठेलों पर पुलिस की छापेमार कार्यवाही



**0 कोटपा अधिनियम के तहत 3600 रुपए की चालानी कार्रवाई**

**0 जिले में 50 से अधिक पानठेलों पर की छापेमारी**

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन पर जिले के सभी अनुविभागी अधिकारियों एवं थाना एवं चौकी प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों एवं पानठेला व पान दुकानों में प्रतिबंधित वस्तु बचने के संबंध में सघन छापामार कार्यवाही करने हेतु आदेश दिया गया था। जिस पर नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक के नेतृत्व में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू एवं थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक राजेश साहू द्वारा शहर के नया बस स्टैंड एवं विभिन्न चौक चौराहों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर की छापेमारी की कार्यवाही की गई। इस प्रकार जिले में थाना बसंतपुर, लालबाग, घुमका डोंगरगांव, डोंगरगढ़ पुलिस एवं ओपी चिचोला, ओपी सुरगी पुलिस द्वारा 50 से अधिक पानठेलों पर छापेमारी की कार्यवाही की गई, छापेमारी कार्यवाही के दौरान थाना लालबाग, घुमका डोंगरगांव पुलिस द्वारा कुल 18 पानठेलों के विरुद्ध कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# दिग्विजय स्टेडियम में 6 करोड़ रुपए की लागत से होगा मरम्मत एवं निर्माण कार्य

**0 कलेक्टर ने दिग्विजय स्टेडियम का किया आकस्मिक निरीक्षण**

**0 बैडमिंटन हॉल, बास्केटबाल हॉल, कार्यालय कक्ष में एसी तथा प्रकाश एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**0 स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से होगा लैस**

**0 दिग्विजय स्टेडियम के रख-रखाव, मरम्मत तथा विद्युत व्यवस्था के लिए दिए आवश्यक निर्देश**



राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय स्टेडियम के रख-रखाव एवं मरम्मत का कार्य 6 करोड़ रूपए की लागत से किया जा रहा है। जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए दिग्विजय स्टेडियम के संचालन, व्यवस्था एवं रख-रखाव के लिए प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने दिग्विजय स्टेडियम का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने दिग्विजय स्टेडियम के रख-रखाव, मरम्मत कार्य तथा विद्युत व्यवस्था के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बैडमिंटन हॉल, बास्केटबाल हॉल, कार्यालय कक्ष में एसी तथा प्रकाश एवं विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित कराने कहा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में बने टेनिस कोर्ट को ठीक कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने दिग्विजय स्टेडियम की दीवारों में लगे रंगीन लाईट को सुधारने के लिए कहा। बिजली फिटिंग, लाईट, स्टेडियम के मरम्मत एवं निर्माण कार्य, साफ-सफाई, पेयजल सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया एवं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम के पीछे की जमीन को मापने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव शहर की पहचान है। जिले में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। स्टेडियम खिलाडियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। स्टेडियम में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा, इंजीनियर राजेश साहू एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से 18 ग्रामों को मिला 1 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का उपहार

**0 जिले में मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना 2025-26 के तहत 2 करोड़ 13 लाख से अधिक की स्वीकृति, ग्रामों में शेड, सीसी रोड, नाली व सामुदायिक भवन का होगा निर्माण**

**0 विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री साय और ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा को जताया आभार**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के अथक प्रयासों से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राजनांदगांव जिले के विभिन्न ग्रामों में लगभग 2 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से कुल 60 विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इसमें राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के 18 ग्रामों के लिए 1 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इनमे निम्नलिखित विकास कार्य प्रस्तावित हैः ग्राम मुड़पार में 10 लाख, रानीतराई एवं भोथीपार खुर्द में 3 लाख की लागत से शेड निर्माण, ग्राम बरगा, इंदामारा, फरहद में 6.5 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, ग्राम पारींखुर्द एवं जंगलेसर में 7.80 लाख की लागत से और सुकुलदैहान, बम्हनी, भानपुरी व रीवागहन में 5.20 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण। कार्य, ग्राम जंगलेसर, रीवागहन व रवेली में 5.20 लाख की लागत से निर्मला घाट निर्माण के साथ ग्राम धनगांव व बरगा में 5.91 लाख, ग्राम बॉकल में 3.94 लाख की लागत से नाली निर्माण का कार्य किया जाएगा।

राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने इन 18 विकास कार्यों की स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. रमन ने हमेशा गांवों की जरूरतों को प्राथमिकता दी है। इन विकास कार्यों से गांवों में आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी और जीवनस्तर ऊँचा होगा। यह हमारे क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने 'मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना' के अंतर्गत स्वीकृत इन विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति भाजपा सरकार की ग्रामोन्मुख नीतियों और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गृह मंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के गांवों को एक नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है। यह योजनाएं संरचनात्मक विकास नहीं, ग्रामीणों के जीवन में आशा और विश्वास का संचार हैं।

# जिला भाजपा ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु डॉ. रमन सिंह का जताया आभार



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री रविंद्र वैष्णव, सौरभ कोठारी राजेंद्र गोलछा एवं वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल एवं सचिन बघेल ने शहर के मेडिकल कॉलेज में एमआरआई मशीन एवं सिटी स्कैन मशीन के लगने एवं हाल में ही हुई 165 पदों पर की गई नियुक्ति पर डॉ. रमन सिंह को विशेष रूप से साधुवाद देते हुए कहा कि शहर की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्या के लिए संवेदनशील डॉ. रमन सिंह की पहल से निश्चित रूप से स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार होगा। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों के हित में सुविधाओं की कमी नहीं थी, परंतु डॉक्टर और स्टाफ की कमी के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। 165 पदों की भर्ती से यह समस्या समाप्त होगी और मरीज को स्वास्थ्य लाभ में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह ने शहर को संवारा, सजाया परंतु विगत 5 वर्षों में कांग्रेस की सरकार आने पर शहर के साथ घोर उपेक्षा की गई और लगातार मूलभूत सुविधाओं की भी अनदेखी की गई। अब वापस भाजपा सरकार आने से डॉ. रमन सिंह ने फिर से राजनांदगांव की जनता की सुविधाओं की ओर विशेष रूप से ध्यान देने से लगातार सतत प्रक्रिया के तहत सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य हो रहे हैं और जनहित की सभी प्रमुख समस्याएं हल होने लगी हैं। कोमल सिंह राजपूत ने डॉ. रमन सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर वे सदैव खरे उतरते हैं।



श्री जलाराम मंगल भवन...
गुजराती कॉलोनी, कंचन बाग, राजनांदगांव
- सर्व सुविधायुक्त 16 अटैच कमरे
- 3000 फूट का विशाल बैंक्वेट हॉल,
- ओपन लॉन तथा पोर्च की सुविधा
- पार्किंग की समुचित व्यवस्था
- सभी कमरों में गर्म पानी हेतु गीजर
- भवन में लिफ्ट की सुविधा

शुभ विवाह तथा सभी मांगलिग कार्यो हेतु उपलब्ध...
बुकिंग हेतु संपर्क करें...
मो नं. 9300725521, 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com